नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 289 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 13 अगस्त 2023

पेज -7 पर गुरु मिनी माता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर ...

एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

# मुख्यमंत्री ने नरैय्या तालाब में रजक गुड़ी, शहरी औद्योगिक पार्क का किया शुभारंभ

## हाईटेक रजक गुड़ी में कपड़े धुलाई व प्रेस करने के काम में जुटे रजक समाज को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के टिकरापारा स्थित नरैय्या तालाब के पास नवनिर्मित रजक गुड़ी (शहरी औद्योगिक पार्क) का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संत गाडगे के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और समाज को लोगों को रजक गुड़ी के लिए बधाई दी।

श्री बघेल ने रजक गुड़ी में कपड़े धोने और सूखाने के लिए लगाई गई मशीनों का अवलोकन कर इसके संचालन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर मशीनों का शुभारंभ किया।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 69 लाख रुपये की लागत से लगभग 3500 वर्गफीट में तैयार हाईटेक रजक गुड़ी में परंपरागत रूप से कपड़े की धुलाई व प्रेस करने के काम में जुटे रजक समाज को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। रजक गुड़ी में मैनुअल के साथ-साथ आटोमेटिक इलेक्ट्रिकल वॉशिंग मशीन लगाई गई है, जिसमें 25-25 कि.ग्रा. के 02 कपड़े निचोड़ने वाली एक्सपेक्टर मशीन, 60 कि.ग्रा. क्षमता की 01 वॉशर तथा 50 कि.ग्रा. क्षमता वाली 01 ड्रायर मशीन स्थापित की गई है। कपड़े धाने के लिए पानी की टंकियां भी बनाई गई है और कपड़ों को इस्त्री करने की भी अलग व्यवस्था है। धोबी समाज के परिवारों को परंपरागत व्यवसाय के साथ ही उनके रोजगार सृजन की व्यवस्था इस पार्क में की गई है, जिसके अंतर्गत कपड़ा धोने के लिए साबुन और डिटर्जेंट बनाने का भी प्रशिक्षण इन परिवारों को दिया जाएगा। इस रोजगारोन्मुखी योजना का लाभ इस तालाब से जुड़कर परंपरागत व्यवसाय कर रहें धोबी समाज के लगभग 100 परिवारों को प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, विधायक श्री कुलदीप जुनेजा, महापौर श्री एजाज ढेबर, सभापति श्री प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष श्री सुशील सन्नी अग्रवाल सहित नगर निगम रायपुर और स्मार्ट सिटी रायपुर के अधिकारी एवं रजक समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### ऑनलाइन ऐप के जरिए चल रहा था बड़ा खेला

# पुलिस ने खंगाले बैंक खाते तो उड़े होश, 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**रायपुर।** महादेव सट्टा ऐप के खिलाफ पुलिस की कार्यवाई लगातार जारी है। कई राज्यो में इस ऐप के जरिए बड़े पैमाने पर सट्टा खिलाया जाता है। इसी बीच राजधानी रायपुर पुलिस ने महादेव सट्टा ऐप पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने राजधानी रायपुर से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा में मिलकर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 पासबुक, 12 चेकबुक समेत 12 ATM जब्त किया है। इस दौरान पुलिस को बैंक खाते में करोड़ों रुपए मिले हैं। इस मामले की कार्रवाई सायबर सेल और खमतराई थाना पुलिस ने की है। बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगातार ऑनलाइन सट्टा पर कार्रवाई की जा रही है।

# रायपुर शहर को 132 करोड़ 42 लाख रूपए के विकास कार्यों की सौगात दी

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शाम रायपुर शहर को 132 करोड़ 42 लाख रुपये के कई विकास कार्यो की सौगात दी। श्री बघेल ने रायपुर शहर के बीच ऐतिहासिक जय स्तंभ चौक पर शहीद वीर नारायण सिंह की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के अंडरग्राउंड केबलिंग व विद्युतीकरण कार्य का शिलान्यास किया। यह काम 102 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि 1857 के गदर के समय दिल्ली, झांसी, अवध आदि विद्रोह के केंद्र थे। छत्तीसगढ़ भी लड़ाई में पीछे नहीं था। वीरनारायण सिंह के पास जमींदारी भी थी इसके बावजूद अंग्रेजों के हुक्म को मानने से इंकार कर दिया। लड़ाई हुई और मुखबिर की सूचना के आधार पर उन्हें पकड़ा गया। 10 दिसंबर को जयस्तंभ चौक में उन्हें फांसी दी गई। बताते हैं कि कई दिनों तक उनके शव को फांसी से उतारा नहीं गया ताकि लोगों में खौफ आ जाए। उनके वंशज गांव छोड़कर भागे, छूपकर रहे। उनके परिवार को बड़ी तकलीफ हुई। बाद में उनकी वंशावली बनाई गई और शासन से उनके वास्तविक वंशजों को मान्यता मिली। ऐसे शहीदों के बलिदान से हमारा देश आजाद हुआ। आज मुझे इस बात की खुशी है कि जिस जगह पर उन्होंने बलिदान दिया, वहीं पर उनकी 15 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई। मुझे इस बात की खुशी है कि जिला प्रशासन ने यह अच्छा कार्य किया है। आज रजक गुड़ी का लोकार्पण भी मैंने किया है। बहुत से सरोवरों-उद्यानों के जीर्णोद्धार का आज लोकार्पण हुआ है। बहुत से समाज के लोग जुटे हैं। आज 36 सामुदायिक भवनों का शिलान्यास किया गया है जिनकी घोषणा भेंट मुलाकात के दौरान मैंने की थी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने भी अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसे वीरों की भूमि से हैं जिन्होंने अपने लोगों के खातिर अपनी जान गंवाने में भी कदम पीछे नहीं किये। इस मौके पर शहीद वीरनारायण सिंह की सातवीं पीढ़ी के वंशज श्री राजेंद्र सिंह दीवान ने सोनाखान का इतिहास और सोनाखान की गाथा सुनाई तथा कविता के रूप में शहीद वीरनारायण सिंह के पराक्रम का वर्णन किया। इस मौके पर सांसद श्री दीपक बैज, विधायक श्री कुलदीप जुनेजा, विधायक श्री विकास उपाध्याय, महापौर श्री एजाज ढेबर, सभापति श्री प्रमोद दुबे, कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे, नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।



# सेंट्रल जेल में कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने जेल प्रशासन पर लगाया आरोप

केन्द्रीय जेल रायपुर

रायपुर. केंद्रीय जेल में बंद एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक कैदी जेल में बेहोश हो कर गिरा गया था।

मृतक कैदी का नाम पवन राय बताया जा रहा है जो कि बिहार का रहने वाला था. वो जेल में एनडीपीएस मामले में बंद था. फिलहाल जेल प्रशासन से सूचना के बाद गंज थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

बताया जा रहा है कि परिजनों के आने के बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा. वहीं परिजनों ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाया है. बता दें कि 3 साल पहले डीआरआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पवन राय को रायपुर से पकड़ा था।

### गांजा तस्करी के आरोप में काट रहा था सजा

पुलिस ने उसके पास से गांजा जब्त किया गया था. इसके बाद वह रायपुर सेंट्रल जेल में बंद था. गुरुवार को वह अचानक जेल में बेहोश हो गया था. जेल में स्थित अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# छत्तीसगढ़ में अदरक की कीमत 300 के पार

### हरी सब्जियों का भाव अभी भी आसमान पर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में स्थानीय स्तर पर आवक कम होने से अदरक का थोक भाव बढ़कर भी 250 प्रति किलो के पार हो गया है. वहीं फुटकर में 280 से 300 रुपए किलो की दर से लोगों को अच्छी अदरक मिल पा रही है। आमतौर पर 30 से 40 रुपए प्रति किलो की दर से मिलने वाले नए अदरक की कीमत भी थोक में 160 रुपए प्रति किलो है. सब्जी कारोबारियों का कहना है कि मौजूदा समय में लोकल अदकर की आवक काफी कम हो गई है. किसानों के पास भी अब बड़ा भंडार नहीं है. अब काफी कम उपलब्धता है. पुराने अच्छे अदरक की कीमत तीन सौ से अधिक है, जबकि सड़ने की कगार पर पहुंच चुके निम्न गुणवत्ता वाले अदरक की कीमत थोक कीमत भी ढाई सौ रुपए प्रति किलो पहुंच गई है. मौजूदा समय में बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाली अदरक कभी कभार ही पहुंच रहा हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी की मप्र-छग के भाजपा सांसदों से हुई चर्चा का सांसद सरोज पांडेय ने किया खुलासा

### कहा- जनता के बीच कैसे जाना है, काम करना है, इन पर हुई बात

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के भाजपा सांसदों से संवाद किया. सांसद सरोज पांडेय ने बताया कि सत्र के दौरान प्रधानमंत्री पार्टी के सांसदों के साथ जरूर बैठते हैं. जनता में किस प्रकार से जाना है, कामों को करना है. आने वाले समय में सरकार की योजनाओं को लेकर जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले, इन सब विषय में चर्चा होती है। सांसद सरोज पांडेय ने इसके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के कार्यकाल को एक साल पूरे होने पर कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी बहुत मजबूत है. अध्यक्ष का एक साल का कार्यकाल उपलब्धि भरा रहा. आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में हम सरकार बना रहे हैं . जनता के बीच हम केंद्र की सरकार की योजनाओं को लेकर, मोदी जी की योजनाओं को लेकर जाएंगे. सांसद पांडेय ने कहा कि केंद्र की सरकार ने छत्तीसगढ़ को लगातार बहुत सहयोग दिया, लेकिन राज्य के सरकार ने उसे आयोग का उपयोग नहीं किया. यहां जो पैसे आए उसे पैसे को उन्होंने वापस कर दिया. प्रधानमंत्री आवास योजना का विशेष विषय था, उन सब विषय को जनता के बीच ले जाएंगे.

# मामूली बात पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को को पुलिस ने दबोचा

**रायपुर।** मामूली बात पर जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. प्रार्थी प्रशांत महानंद ने थाना गोलबाजार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह चालक का कार्य करता है. प्रार्थी बीते 10 अगस्त को राज टॉकिज के पीछे शराब दुकान से निकल कर पैदल अपने घर जा रहा था।

इस दौरान तयबा बिरयानी सेन्टर के बाजू राज टॉकिज के पीछे पहुंचा था उसी समय रात करीब 10.15 बजे एक ई-रिक्शा में तीन लड़के आये, रिक्शा वाला प्रार्थी को ठोकर मारते-मारते बचा जिससे प्रार्थी द्वारा रिक्शा वाले को ठीक से आटो चलाने के लिये बोला गया. जिस पर ई-रिक्शा में सवार तीनों लड़के ई-रिक्शा से उतर कर प्रार्थी के साथ गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे प्रार्थी द्वारा विरोध करने पर ई-रिक्शा में सवार दो लड़के तन्नू भाग कहते हुए वहा से भाग गये. लेकिन रिक्शा चालक प्रार्थी से बहस करते हुए फिर से गाली गलौच कर अपने पास रखे चाकू से प्रार्थी की पीठ पर वार कर गंभीर चोट पहुंचा कर फरार हो गया. जिस पर तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना गोलबजार में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया.

# बालोद के बाद अब दुर्ग रेलवे स्टेशन में भी पकड़ाया फ़र्ज़ी टीटीई

**रायपुर।** शुक्रवार और शनिवार को रायपुर रेल मंडल में दो फर्जी टीटीई पकड़ाए हैं. पहला टीटीई बालोद में तो दूसरा टीटीई दुर्ग रेलवे स्टेशन में पकड़ाया है। सूत्रों ने मामले की पुष्टी करते हुए बताया कि दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में फर्जी टीटीई के सूचना की जानकारी आरपीएफ को मिली थी. जिसके बाद असली टीटीई से बुलाकर इसकी पुष्टी की गई और उसे पकड़ लिया गया है. हालांकि दुर्ग आरपीएफ अभी आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिसके बाद आधिकारिक रूप से इसकी जानकारी सामने आएगी. आरपीएफ के उच्च पदस्थ सूत्र के मुताबिक आरोपी का नाम अवधेश साहू निवासी सूरजपुर है।

### विभिन्न मुद्दों पर चर्चा ... उप मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न मुद्दों पर सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन्स से की चर्चा

# सामाजिक-आर्थिक हितों के लिए अच्छी व्यवस्था को लागू करने की कोशिश करेंगे - टी.एस. सिंहदेव

रायपुर। उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में सिविल सोसाइटी आर्गेनाइजेशन्स के साथ राज्य के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने प्रदेश में काम कर रहे गैर-सरकारी संगठनों के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं, यूनिवर्सल हेल्थ केयर, पोषण, फोर्टिफाइड चावल वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मातृत्व लाभ, सिकलसेल, टीबी एवं एनीमिया उन्मूलन से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री श्री ज्यां द्रेज भी इन चर्चाओं में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने सिविल सोसाइटी आर्गेनाइजेशन्स के साथ चर्चा में कहा कि राज्य के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए ट्रस्ट मॉडल पर स्वास्थ्य योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किफायती एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे में अधिक से अधिक लोगों को लाने के लिए इस सेक्टर में बजट लगातार बढ़ाया जा रहा है। इसे राज्य के जीडीपी के आठ प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के सामाजिक और आर्थिक हितों के लिए जिन अच्छी व्यवस्थाओं को लागू किया जा सकता है, प्रदेश के बजट का ध्यान रखते हुए उन्हें लागू करने की पूरी कोशिश करेंगे।

विभिन्न सेक्टरों में संचालित योजनाओं और नीतिगत विषयों पर हुआ विचार-विमर्श, मशहूर अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज भी चर्चा में रहे मौजूद

### राजधानी रायपुर में सुबह से ही धूप

# गर्मी से लोग परेशान, मौसम में बदलाव की संभावना नहीं

10
0
-10
-20
-30
-40

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीते दिनों से बारिश थम गई है। अब प्रदेश के तापमान में वृद्धि भी हो रही है। शुक्रवार को तेज धूप के साथ दोपहर में हल्की बारिश हुई। इससे गर्मी से राहत नहीं मिली। राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में उमस गर्मी से लोग परेशान हैं।

नमी के कारण प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। राजधानी रायपुर में देर शाम गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

मौसम एक्सपर्ट के अनुसार, प्रदेश में बारिश की गतिविधि में बदलाव नहीं होगी। बहरहाल, राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। ज्यादातर इलाकों में पिछले कुछ दिनों से सड़कों पर धूल उड़ रही है। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो रही है। मौसम साफ होने से धीरे-धीरे दिन का तापमान बढ़ रहा है।

राजधानी रायपुर में आज दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। सामान्य तापमान से 4 डिग्री ज्यादा है। बीते रात में पारा 26.4 डिग्री सेल्सियस था जो कि सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि उत्तरी भारत और बंगाल की खाड़ी इसके साथ ही तटीय आंध्रप्रदेश में मौसम का सिस्टम बना हुआ है।

# क्या आजमगढ़ में बिछाई जा रही है शिवपाल सिंह यादव के लिए बिसात?

> उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर समाजवादी चाचा-भतीजे के बीच की सियासी दूरियों को लेकर काफी आक्रामक नजर आ रहे हैं। योगी द्वारा बार-बार चाचा शिवपाल यादव को इस बात का अहसास कराया जा रहा है कि भतीजा अखिलेश उनको हर मौके पर अपमानित कर रहा है।

विधान सभा सत्र के दौरान यह नजारा कई बार देखने को मिला। जिससे शिवपाल यादव और अखिलेश काफी असहज नजर आए। योगी 2017 से शिवपाल और भतीजे अखिलेश पर तंज कसने का कोई मौका छोड़ते नहीं हैं। वैसे योगी आदित्यनाथ अकेले नहीं हैं जो चाचा-भतीजे पर तंज कसते हों, बीजेपी के और भी कई नेता भी समय-समय पर चचा-भतीजे को निशाना बनाते रहते हैं, लेकिन इस समय शिवपाल और अखिलेश के बीच के रिश्तों को जिस तरह से कुरेदा जा रहा है, उसकी असली वजह अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव हैं। बताया जा रहा है कि शिवपाल 2024 के चुनाव में आजमगढ़ सीट से आम चुनाव लड़ सकते हैं।

उनके नाम पर स्थानीय नेताओं ने सहमति जताई है। माना जा रहा है कि इसको लेकर पार्टी की तरफ से जल्द औपचारिक घोषणा की जा सकती है। दरअसल, हाल ही ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजमगढ़ में पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों, विधायकों और पदाधिकरियों की एक बैठक बुलाई थी। इसके बाद यह चर्चा और तेज हो गई कि शिवपाल आजमगढ़ से चुनाव लड़ सकते हैं। इस बैठक में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव को प्रत्याशी बनाए जाने का भी प्रस्ताव रखा गया। इस पर सभी ने समर्थन किया। सूत्र बताते हैं इसे लेकर रणनीति भी तैयार कर ली गई है।

> हाल ही ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजमगढ़ में पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों, विधायकों और पदाधिकरियों की एक बैठक बुलाई थी। इसके बाद यह चर्चा और तेज हो गई कि शिवपाल आजमगढ़ से चुनाव लड़ सकते हैं।

चर्चा यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव आजमगढ़ लोकसभा सीट से शिवपाल यादव को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। इसीलिए तो बीजेपी सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने इस तरह की खबर सामने आते ही कहना शुरू कर दिया है कि हमारे जो चाचा शिवपाल यादव जी..अखिलेश भइया हैं... महेंद्र भइया हैं.. धर्मेंद्र भइया हैं, इन सब लोगों को एक ही चीज़ बताना चाहता हूं कि आजमगढ़ ने आप लोगों को नकार दिया है। अब अगर आप यहां आने की गलती करेंगे तो उसका परिणाम भी आजमगढ़ आपको दिखा देगा, उसका कारण ये है कि आजमगढ़ ने आपको पांच साल का मौका दिया है। चार साल तक आप एक काम नहीं कर पाए तो यहां के लोगों ने एक साल के लिए निरहुआ को मौका दिया और हमने एक साल में हमने 50 साल का काम लाकर दिखा दिया।

निरहुआ ने कहा कि सपा को बताना चाहता हूं कि सिर्फ एक साल नहीं, अगले 25 साल यानी पूरे अमृतकाल में वो आजमगढ़ में रहकर जैसे पीएम मोदी देश को नंबर वन बनाने का संकल्प लिया है, जैसे सीएम योगी ने यूपी को नंबर वन बनाने का संकल्प लिया है, उसी तरह निरहुआ ने आजमगढ़ को नंबर वन बनाने का संकल्प लिया है और मैं इस संकल्प को पूरा करके दिखाऊंगा। दरअसल साल 2019 के चुनाव में आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा नेता अखिलेश यादव को जीत मिली थी, लेकिन यूपी विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उन्होंने इस सीट से इस्तीफा दे दिया था।

अखिलेश यादव के इस्तीफे के बाद आजमगढ़ में उपचुनाव कराए गए, सपा का गढ़ होने के बावजूद इस सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी के दिनेश लाल यादव ने जीत दर्ज की थी। निरहुआ ने लोकसभा के उपचुनाव में सपा के धर्मेंद्र यादव को हराया था। ऐसे में सपा के सामने अब इस सीट पर फिर कब्जा करने की चुनौती है। पार्टी को ऐसे चेहरे की तलाश है, जो स्थानीय नेताओं को एकसूत्र में बांध सके और चुनाव में जीत हासिल कर सके। पिछले कुछ दिनों से इस सीट पर शिवपाल के नाम की तेज चर्चाएं चल रही हैं। फिलहाल, शिवपाल इटावा जिले की जसवंतनगर विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस सीट से 2014 में मुलायम सिंह यादव ने जीत हासिल की थी।

केएस तोमर

## संपादकीय

### संसद में मंत्रियों के बिगड़े बोल

भारतीय जनता पार्टी हाल के दिनों तक अपने को बाकी पार्टियों से अलग बताती रहती थी और आज में भी मजाक में सोशल मीडिया में उसे संस्कारी पार्टी कहा जाता है। लेकिन उस पार्टी के मंत्री जब संसद के अंदर अजीबोगरीब बयान देते हैं तो हैरानी होती है। उससे ज्यादा हैरानी यह होती है कि न तो पार्टी की तरफ से कुछ कहा जाता है और न राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की ओर से कुछ कहा जाता है, जिसके बारे में माना जाता है कि उसका भाजपा के ऊपर कम से कम नैतिक नियंत्रण है। संसद के मानसून सत्र में कम से कम दो मंत्रियों ने ऐसे बयान दिए हैं, जो विपक्ष का अपमान करने वाले हैं और संसद की गरिमा गिराने वाले हैं। अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू करनेवाले भाजपा के सांसद द्वारा 'बेटे को सेट करने और दामाद को भेंट करने वाले' बयान को छोड़ दें तब भी मीनाक्षी लेखी और नारायण राणे के बयान का कोई जस्टिफिकेशन नहीं है। विदेश राज्य मंत्री और दिल्ली की सांसद मीनाक्षी लेखी ने दिल्ली के सेवा बिल पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर हमला किया और उनको चुप कराते हुए कहा कि तुम्हारे यहां ईडी न आ जाए। उन्होंने एक तरह से खुली धमकी दी कि चुप हो जाओ नहीं तो ईडी तुम्हारे घर आ जाएगी। यह ईडी जैसी संस्था के लिए अपमानजनक है और इससे यह साबित होता है कि सरकार ईडी को कंट्रोल कर रही है। लेखी के इस बयान के बाद सरकार या भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसी तरह शिव सेना से निकल कर कांग्रेस के रास्ते होते हुए भाजपा में गए केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता अरविंद सावंत पर हमला करते हुए कहा कि तुम्हारी औकात क्या है, तुम्हारी औकात बता देंगे। सोचें, भाजपा के सांसद और मंत्री सदन से बाहर तो कुछ भी अनाप-शनाप बोलते ही रहते हैं, अब संसद के अंदर भी इस किस्म की बयानबाजी हो रही है।

# राहुल की फ्लाइंग किस से लेकर मोदी के आखिरी बॉल पर छक्के तक...अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का पूरा निचोड़

संसद में मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने राजनीति की पिच पर सत्ता पक्ष के सामने जो बॉल फेंकी थी उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छक्का लगा दिया है। वैसे आंकड़ों के लिहाज से यह पहले से तय था कि विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव से सरकार को कोई खतरा नहीं है। यही नहीं, लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होने से एक दिन पहले ही राज्यसभा में भी विपक्ष की बड़ी हार हो गयी थी जब सत्ता पक्ष ने सदन में अपना बहुमत नहीं होते हुए भी दिल्ली में सेवाओं संबंधी विधेयक को पारित करा लिया था। ऐसे में सवाल उठता है कि एक हार के तुरंत बाद विपक्ष दूसरी हार का स्वाद चखने को क्यों आतुर था? देखा जाये तो इस प्रश्न का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पुराने बयान से मिल जाता है। प्रधानमंत्री ने संसद में पिछले अविश्वास प्रस्ताव के समय कहा था कि कांग्रेस ने इस संवैधानिक प्रावधान का सर्वाधिक बार दुरुपयोग किया है। देखा जाये तो इस बार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने जो अविश्वास प्रस्ताव पेश किया वह भी एक तरह से संवैधानिक प्रावधान का दुरुपयोग ही था क्योंकि यह सिर्फ राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उठाया गया कदम था। प्रधानमंत्री ने तो कहा भी है कि पिछली बार भी और इस बार भी फ्लोर टेस्ट सरकार का नहीं बल्कि विपक्ष का ही था। लोकसभा में तीन दिन की बहस में सबसे अच्छा भाषण किसका रहा, किसने किसको धो डाला, किसका भाषण सबसे खराब था या किसका भाषण औसत दर्जे का था, इन सब मुद्दों की चर्चा से पहले हमें यह देखना चाहिए कि इस बार की बहस के दौरान क्या नया रिकॉर्ड बना है? हम आपको बता दें कि जो नया रिकॉर्ड बना है वह है हर पक्ष के वक्ताओं की ओर से एक दूसरे पर निजी हमले बोलने का। यह निजी हमले जिस तरह बेहद निजी हमलों में परिवर्तित हुए वह दुर्भाग्यपूर्ण था। इसके अलावा, पांच साल पहले लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान एक सदस्य द्वारा आंख मारी गयी थी तो इस बार सदन में उनकी फ्लाइंग किस का किस्सा सामने आया।

> लोकसभा में तीन दिन की बहस में सबसे अच्छा भाषण किसका रहा, किसने किसको धो डाला, किसका भाषण सबसे खराब था या किसका भाषण औसत दर्जे का था, इन सब मुद्दों की चर्चा से पहले हमें यह देखना चाहिए कि इस बार की बहस के दौरान क्या नया रिकॉर्ड बना है?

## विपक्ष के नेताओं के भाषणों का विश्लेषण

संसद में पहले भी अविश्वास प्रस्ताव आये हैं लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज, अरुण जेटली और प्रमोद महाजन जैसे विपक्षी नेता सत्ता पक्ष पर हमले के लिए निचले स्तर पर कभी नहीं उतरे थे। उस समय माहौल ऐसा होता था कि सत्ता पक्ष से ज्यादा लोग विपक्ष के प्रमुख नेताओं के भाषण सुनने को आतुर रहते थे क्योंकि वह सिर्फ और सिर्फ तथ्यों और तर्कों के आधार पर ही अपनी बात गरिमापूर्ण तरीके से रखते थे। लेकिन इस बार विपक्ष ने जिस तरह अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सिर्फ और सिर्फ चुनावी भाषण दिये और प्रधानमंत्री पर तीखे हमले किये, वह अभूतपूर्व था। विपक्ष की ओर से गौरव गोगोई ने भले शानदार शुरुआत की और मणिपुर को लेकर अपनी पार्टी की चिंताओं को प्रमुखता के साथ देश के समक्ष रखा लेकिन विपक्ष के अन्य नेता कनिमोझी, सुप्रिया सुले, डिंपल यादव, टीआर बालू, अरविंद सावंत, सिमरनजीत सिंह, एनके प्रेमचंद्रन, महुआ मोइत्रा आदि कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाये। इसके अलावा, विपक्ष की ओर से अधीर रंजन चौधरी, राहुल गांधी और मनीष तिवारी के भाषणों में तर्कों और अनुभव की झलक थी लेकिन अधीर रंजन और राहुल गांधी ने कई विवादित बातें कह कर सत्ता पक्ष को और हमलावर होने का मौका दे दिया। इसके साथ ही जदयू के राजीव रंजन सिंह हों, शिरोमणि अकाली दल बादल की हरसिमरत कौर बादल हों, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी हों, बीजद के पिनाकी मिश्रा हों, नेशनल कांफ्रेंस के फारुक अब्दुल्ला हों, निर्दलीय नवनीत राणा हों, लोजपा रामविलास के चिराग पासवान हों, आरएलपी के हनुमान बेनीवाल हों या वाईएसआर कांग्रेस के पीवी मिधुन रेड्डी हों...इन सबका भाषण भी स्थानीय राजनीति और आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर दिया गया।

नीरज कुमार दुबे

## मिला जुला

### यूक्रेन की भ्रषचार पर बड़ी कार्रवाई

# युद्ध के समय घूस लेना देशद्रोह, जेलेंस्की ने सेना के सभी भर्ती प्रमुखों को किया बर्खास्त

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने यूक्रेन के क्षेत्रीय सेना भर्ती केंद्रों के सभी प्रमुखों को बर्खास्त कर दिया। रूस के साथ युद्ध एक महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है। इस बीच ऐसा हुआ है। यूक्रेन पर रूस के हमले को 17 महीने से ज्यादा हो चुके हैं। जेलेंस्की ने अपनी घोषणा में इन लोगों के बर्खास्तगी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि देश की एक जांच में पूरे यूक्रेन में अधिकारियों की ओर से गलत तरीके से भर्ती और युद्ध के दौरान लोगों को देश से बाहर निकालने का खुलासा हुआ है। युद्ध के दौरान सभी योग्य पुरुषों को देश छोड़ने की मनाही है, लेकिन लोगों को गलत तरीके से देश से निकाला गया। जेलेंस्की ने कहा कि ड्राफ्ट बोर्ड के अधिकारियों पर घूस लेने के शक में 112 मुकदमे दर्ज किए गए। उन्होंने इसे युद्ध के दौरान होने वाला भ्रष्टाचार बताया।

### एक नजर

### रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड, मलबे में दबी कारें; 5 की मौत

नई दिल्ली। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में शुक्रवार को हुए लैंडस्लाइड में पांच लोगों की मौत हो गई है। ये हादसा केदारनाथ यात्रा रूट पर हुआ। पहाड़ से बड़े-बड़े पत्थर गिरने से एक गाड़ी उसमें दब गई। 12 घंटे की मशक्कत के बाद मलबे को हटाया गया। शनिवार को गाड़ी में पांच शव मिले। ये सभी गुजरात से केदारनाथ यात्रा करने आए थे। उधर चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर मंडी के छह मील में शुक्रवार देर शाम चलती ऑल्टो कार पर पत्थर गिरने से पांच साल के मासूम की मौत हो गई। भारतीय मौसम विभाग ने उत्तर-पूर्वी राज्यों बिहार, क्क उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब सहित 13 राज्यों में अगले 24 घंटे भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड में ऑरेंज अलर्ट है।

### पीएम मोदी का विपक्ष पर वार

# बोले- इन लोगों ने मणिपुर की जनता के साथ विश्वासघात किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हो रहे भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने मणिपुर मामले में सिफ राजनीति की है। विपक्ष ने मणिपुर के लोगों के साथ सिर्फ विश्वासघात किया है। वे मणिपुर पर चर्चा ही नहीं करना चाहते थे। संसद में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए, फिर वोटिंग से भाग गए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हराया और पूरे देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया। विपक्ष के सदस्य संसद बीच में ही छोड़कर चले गए। सच तो यह है कि विपक्षी दलों का 'घमंडिया' गठबंधन अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से डर गया था।

### विपक्ष को सदन से भागते हुए पूरे देश ने देखा- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष को सदन से भागते हुए पूरे देश ने देखा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन लोगों ने मणिपुर के लोगों को इतना बड़ा धोखा दिया। सत्र शुरू होने से पहले देश के गृह मंत्री ने इन राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर कहा था कि वह मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

### मणिपुर पर विस्तृत चर्चा होना जरूरी है- प्रधानमंत्री

उन्होंने कहा कि मणिपुर पर विस्तृत चर्चा होना जरूरी है, लेकिन असल में क्या हुआ, आप सब देख सकते हैं। विपक्ष ने ऐसा नहीं होने दिया! अगर इतने संवेदनशील विषय पर चर्चा होती तो मणिपुर के लोगों को राहत महसूस होती। उस मुद्दे के समाधान के लिए कुछ समाधान निकल आते, लेकिन विपक्षी लोग इस पर चर्चा नहीं करना चाहते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें पता था कि मणिपुर की सच्चाई उन्हें सबसे ज्यादा चुभने वाली है।

# काशी में सर्व सेवा संघ के 80 मकानों पर बुलडोजर-एक्शन 3 घंटे में 12 बिल्डिंग गिराईं; 10 कार्यकर्ता हिरासत में

**वाराणसी।** वाराणसी के सर्व सेवा संघ परिसर में 80 मकानों को गिराने की कार्रवाई चल रही है। सुबह से ही ध्वस्तीकरण में 6 बुलडोजर लगे हैं। 3 घंटे की मशक्कत में 12 बिल्डिंग को गिराया गया। इस दौरान सर्व सेवा संघ परिसर में हंगामा भी हुआ। संघ कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया। जिसके बाद पुलिस ने 10 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। 13 एकड़ में फैले परिसर में करीब 80 मकान बने हुए हैं। इनमें रहने के लिए मकान और ऑफिस हैं। उन्हें एक-एक करके गिराया जा रहा है। परिसर में पुलिस, प्रशासन और रेलवे के अधिकारी मौजूद हैं। विरोध करने के लिए महिलाएं भी पहुंची।

### पदाधिकारियों ने लोगों से की इमोशनल अपील

वहीं, सर्व सेवा संघ और कई दलों के लोग राजघाट स्थित परिसर के पास पहुंचे हैं। पदाधिकारियों ने इमोशनल अपील करते हुए कहा कि देशभर के लोग एक अंतिम प्रयास करें, गांधी-विनोबा भावे की विरासत बचाने के लिए यहां पर पहुंचे। बता दें कि इस बिल्डिंग को बचाने के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत कई नेताओं ने आवाज उठाई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका खारिज होने के बाद प्रशासन आज इन बिल्डिंग्स को ढहा रहा है।

*वाराणसी के राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ परिसर को पहले ही खाली करा दिया गया था। यहां बसी कॉलोनियों और ऑफिस से लोगों को बाहर करके रेलवे ने अपनी संपति का बोर्ड भी लगा दिया था। परिसर में एक पोस्ट ऑफिस भी है। इसे गिराने के लिए कल तक की मोहलत दी गई है। आज पोस्ट ऑफिस का सामान शिफ्ट किया जा रहा है।*

*शनिवार सुबह करीब 8 बजे सर्व सेवा संघ पर पुलिस पहुंच गई। पूरे एरिया को घेर लिया गया। करीब 9 बजे यहां प्रशासन-पुलिस के अफसर भी पहुंच गए। विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं को समझाने के बाद उन्हें परिसर से दूर ले जाया गया। बुलडोजर ने करीब 10 बजे ध्वस्तीकरण शुरू किया।*

# दिल्ली सर्विस बिल बन गया कानून, राष्ट्रपति से मिली मंजूरी, भारत सरकार की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सेवा विधेयक को राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी है. अब यह दिल्ली में कानून बन गया है. भारत सरकार के नोटिफिकेशन में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम 2023 को लागू करने की जानकारी दी गई है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 1 अगस्त को संसद में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किया था. यह कानून राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर अध्यादेश की जगह लेगा. सरकार ने नोटिफिकेशन में कहा, इस अधिनियम को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम, 2023 कहा जाएगा. इसे 19 मई, 2023 से लागू माना जाएगा. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 (जिसे इसके बाद मूल अधिनियम के रूप में संदर्भित किया गया है) की धारा 2 में खंड (ई) में कुछ प्रावधान शामिल किए गए. 'उपराज्यपाल' का अर्थ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए संविधान के अनुच्छेद 239 के तहत नियुक्त प्रशासक और राष्ट्रपति द्वारा उपराज्यपाल के रूप में नामित किया गया है.

# राहुल, आदिवासियों के साथ डांस किया

वायनाड। कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो दिन (12 और 13 अगस्त) को अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर हैं। वे शनिवार को दिल्ली से वायनाड के लिए निकले और सुबह 9ः30 बजे कोयंबटूर पहुंचे। राहुल ने दोपहर करीब 2 बजे ऊटी के पास बसे मुथु नाडु गांव में टोडा आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात की। यहां लोगों ने शॉल देकर उनका स्वागत किया, फिर राहुल गांधी ने आदिवासियों के साथ डांस भी किया। राहुल आज वायनाड में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। सांसदी बहाल होने के बाद राहुल का यह पहला वायनाड दौरा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राहुल गांधी के दौरे की जानकारी दी थी।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत पौधारोपण

## ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण और शिलाफलकम (स्मारक पट्टिकाएं) किए जा रहे स्थापित

**जगदलपुर।** देश भर सहित जिले में भी मेरी माटी मेरा देश अभियान का क्रियान्वयन हो रहा है। इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया है। उनकी स्मृति में अमृत सरोवरों के निकट ग्राम पंचायतों में शिलाफलकम (स्मारक पट्टिका) स्थापित किये जा रहे हैं। साथ ही वृक्षारोपण भी किया जा रहा है।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत, मातृभूमि की स्वतंत्रता और उनके गौरव की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीरों को नमन करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जगदलपुर जनपद के ग्राम पंचायत बुरुंदवाडा सेमरा में नवनिर्मित तालाब के पास 75 पौधों का रोपण,ग्रामीण जनप्रतिनिधियों और सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शपथ भी लिया गया। साथ ही शहीदो और स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ श्री बिरेन्द्र बहादुर, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा पवन सिंह, कार्यक्रम अधिकारी केशव सरपंच, उप सरपंच, पंचगण, ग्रामीण जनता तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे ।

ज्ञात हो कि मेरी माटी मेरा देश अभियान 9 अगस्त से शुरू हो चुके है जिसके तहत ग्राम स्तर से मिट्टी एकत्र कर ब्लॉक, नगर पालिका/ निगम और राज्य स्तर होते हुए कर्तव्य पथ नई दिल्ली में होने मुख्य कार्यक्रम में उपयोग किया जाएगा।

# जगदलपुर विधानसभा के युवा साथियों ने मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस जे किया प्रवेश

## सबने नवनीत चांद के नेतृत्व में श्रेष्ठ बस्तर श्रेष्ठ जगदलपुर बनाने का संकल्प लिया

**जगदलपुर ।** बस्तर बेटा मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक व जनता कांग्रेस जे जिलाध्यक्ष श्री नवनीत चाँद के द्वारा श्रेष्ठ बस्तर ,श्रेष्ठ जगदलपुर के लिये चलाये जा रहे अभियान ,जमीनी स्तर पर कार्य बस्तर निर्माण संकल्प को लेकर सयुक्त संघर्ष से प्रभावित होकर जगदलपुर के विधानसभा के शहरी वार्ड के युवा साथियों ने बस्तर ने मुक्ति मोर्चा के एवं जनता कांग्रेस जे में प्रवेश किया और जगदलपुर के विधानसभा के शहरी वार्ड के युवा साथियों ने बस्तर ने मुक्ति मोर्चा के एवं जनता कांग्रेस जे में प्रवेश किया। इस अबसर पर बस्तर के दबंग नेता नवनीत चांद के नेतृत्व में श्रेष्ठ बस्तर एवं श्रेष्ठ जगदलपुर बनाने का संकल्प लिया । इस अवसर पर संतोष सिंह,धनसिंग बघेल सोनाधर बघेल ,मालती ,ओम मरकाम,डेनिस राज,माही सोनी,आदि पदाधिकारी एवं नए कार्यकर्ता .उपस्थित थे।

# कोशालीन कर्मचारियों द्वारा पांच सूत्रीय मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जांजगीर-चांपा - 12 अगस्त 2023 छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालीयन शासकीय कर्मचारीयों संघ जिला जांजगीर-चांपा द्वारा पांच सूत्रीय मांग के संबंध में अपर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में विगत दिनों संघ द्वारा पांच सूत्रीय मांग के संबंध में शासन को ज्ञापन दिया गया था इसके बावजूद शासन द्वारा कोषालय संवर्ग की वेतन विसंगति, अधीनस्थ लेखा सेवा के पद बढ़ाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वेतन विसंगति, तृतीय समयमान के मांगों पर कोई पहल नहीं करने के कारण प्रांतीय आव्हान पर प्रथम चरण में 07 अगस्त से 11 अगस्त तक काली पट्टी लगाकर कार्य किये तथा 11 अगस्त को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। मांग पूरा नहीं होने पर दूसरे चरण में संभाग स्तर पर 26 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, तीसरे चरण में 8 सितंबर 2023 को मुख्यमंत्री निवास घेराव एवं चौथे चरण में कोषालय के समस्त कर्मचारी 25 सितंबर 2023 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जायेंगे। ज्ञापन सौंपते समय ज्ञानेश्वर बरेठ (स.को.अ), रामाधीन साहू (जिलाध्यक्ष), कमल किशोर कुर्रे, किरण कुमार देवांगन, जमुना प्रसाद धनुवार, संजय बंजारे, श्रीमती ललिता शांडिल्य, जागेश्वर सिंह मरकाम, आशीष सर्राफ आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# आईटी आई और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियों की कलेक्टर ने ली जानकारी

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने जिले में संचालित औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान और पॉलिटेक्निक कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। गुरूवार को अपने कार्यालय कक्ष में उन्होंने संस्थानों के प्राचार्यों से बैठक आयोजित की। उन्होंने इस दौरान संस्थानों की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली और इसके त्वरित निराकरण के संबंध में निर्देशित किया।

# नगरपालिका पदाधिकारियों ने गोठान में शहीदों को नमन कर किया पौधारोपण

## शहीदों के परिवारों शाल एवं श्रीफल देकर किया गया सम्मानित

कोण्डागांव। आजादी के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश के तहत मिट्टी को नमन, वीरों के वंदन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में नगर पालिका कोण्डागांव के नगरपालिका गौठान में शहीदों के नाम से शिलान्यास कर राष्ट्रगान एवं शपथ ग्रहण लिया गया।

इस अवसर पर शहीदों परिवारों को शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा नगरपालिका कोण्डागांव की अध्यक्षा, पार्षदों, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों, शहीदों के परिवार के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्षा वर्षा यादव, पार्षदगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर, सहायक अभियंता विजय मेहरा, उप अभियंता देवेंद्र सिदार, गिरिजा शंकर परते, दिनेश डे, मीना टांडिया, शर्मिला सरकार, नगरपालिका कोण्डागांव के कर्मचारीगण एवं अमर शहीदों परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विकास खण्ड गीदम के कृषि केन्द्रों का रायपुर के टीम द्वारा किया गया निरीक्षण

अनियमितता बरतने वाले केद्रों को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस

**दंतेवाड़ा ।** कृषि विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले के विकासखण्ड गीदम स्थित कृषि केन्द्रों का निरीक्षण रायपुर से आई टीम द्वारा किया गया इसमें संचालनालय कृषि रायपुर से श्री सतराम पैकरा, सहायक संचालक कृषि एवं उप संचालक कृषि कार्यालय से श्री आई.एस. पैकरा सहायक संचालक कृषि, उर्वरक निरीक्षक श्री मोहित राम धनेन्द्र शामिल थे। निरीक्षण दल द्वारा के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विकासखंड गीदम के कृषि केन्द्रों में जांच की गई। जांच में रिकार्ड का सही संधारण नहीं किये जाने एवं बिना लाइसेंस के जैव उर्वरक (सक्षम कंपनी रायपुर) का विक्रय करते हुए पाया गया जिसे जप्त कर विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया एवं लोकेश कृषि केन्द्र गीदम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु होगा ''वॉक इन इन्टरव्यू''

23 अगस्त को होगा साक्षात्कार

**दंतेवाड़ा ।** आदिवासी विकास शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के दन्तेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण में कम्प्यूटर अनुदेशक, संगीत शिक्षक, खेलकूद प्रशिक्षक (पी.टी.आई), काउन्सलर, स्टॉफ नर्स (4 वर्षीय डिग्री), टी.जी.टी. एवं छात्रावास अधीक्षक (पुरुष) (समस्त कूल पद 21) के लिए शासन द्वारा निर्धारित मानदेय पर अस्थायी रूप से पदों की पूर्ति किया जा रहा है। इस सम्बंध में अभ्यर्थी अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ 23 अगस्त 2023 को जिला कार्यालय भू- तल स्थित शंखनी सभाकक्ष में पंजीयन 10.30 बजे से 12.00 बजे तक एवं वॉक इन इंटरव्यू हेतु 2.30 से 5.30 बजे तक उपस्थित हो सकते हैं। इसके अलावा विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभाग के वेबसाईट http:www.eklavya.cg.nic.in तथा जिले के वेबसाईट www.dantewada.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं।

### रूचि की अभिव्यक्ति (संशोधित) के तहत प्रस्ताव आमंत्रित

24 अगस्त तक जमा कर सकते है प्रस्ताव

**दंतेवाड़ा ।** कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण दन्तेवाड़ा में वुडन टॉय मेकिंग''/लघु उद्योग स्थापना एवं प्रशिक्षण तथा नियोजन कार्य करने हेतु कार्यालय द्वारा दिनांक 11 अगस्त 2023 तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया था। परन्तु समस्त प्रस्ताव प्रदायकर्ता अपात्र होने की स्थिति में आंशिक संशोधन कर रूचि की अभिव्यक्ति पुन: आमंत्रित (तृतीय आमंत्रण) की जा रही है। इस सम्बंध में इच्छुक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता/एन.जी.ओ./एजेंसी/संस्था/फर्म्स आदि अधिक जानकारी हेतु जिला दन्तेवाड़ा के शासकीय वेबसाईट www.dantewada.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं। इसके लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता/एन.जी.ओ./एजेंसी/संस्था/फर्म्स आदि अपनी रूचि की अभिव्यक्ति की सूचना विस्तृत प्रस्ताव, पूर्व कार्य अनुभव संबंधी दस्तावेज आदि स्पीड/रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्वंय उपस्थित होकर दिनांक 24/3/2023 अपरान्ह 5 बजे तक कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण, कक्ष क्रमांक- (219 एवं 220), द्वितीय तल, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, पो- दन्तेवाड़ा पिन- 494449 में जमा कर सकते हैं। लिफाफे में रूचि की अभिव्यक्ति वुडन टॉय मेकिंग''/लघु उद्योग स्थापना, प्रशिक्षण एवं नियोजन कार्य करने हेतु प्रस्ताव उल्लेख होना आवश्यक होगा।

# मुख्य सचिव ने मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए की कार्यों की समीक्षा

**कोण्डागांव।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने दूरस्थ अंचलों में बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में कोण्डागांव में एनआईसी कक्ष में पुलिस महानिरीक्षक श्री सुन्दरराज पी, कलेक्टर श्री दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान शासन की योजनाओं को दूरस्थ अंचलों तक पहुंचाने में पुलिस विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने बेहतर मोबाईल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल टावरों की स्थापना हेतु सभी चिन्हांकित स्थानों के लिए भूमि आबंटन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही मोबाईल टावरों की स्थापना भी की जा रही है, जिससे ग्रामीण अपने परिजनों के साथ सतत सम्पर्क में रहने के साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी आसानी से प्राप्त कर सकें।

# कटघोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल 15 से

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा तहसील को पुन: जिला बनाने की मांग को लेकर युवाओं की टीम मैदान में उतर चुकी है। जिसमें जनप्रतिनिधि से लेकर समाजसेवी भी शामिल हैं। जिले की मांग को लेकर जनसेवक उत्तम सिंह रंधावा अन्य नगरवासियों के साथ 15 अगस्त से भूख हड़ताल पर बैठेंगे, इसका समर्थन सभी संगठनों ने किया है। इसकी वजह से अबकी बार क्षेत्रीय लोगों का मनोबल बढ़ा है और उम्मीद है कि जिला की उनकी मांग को सरकार जरूर मानेगी। क्षेत्रवासी लंबे समय से कटघोरा को जिला बनाने की मांग कर रहे हैं। अधिवक्ता संघ इस मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल भी कर चुका है। इस मांग को लगातार उठाया जा रहा है। कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले कटघोरा नगर को जिला बनाने की मांग लम्बे समय से चल रही है। इसी मांग को लेकर कटघोरा के उत्तम सिंह रंधावा, चंद्रकांत डिक्सेना, सुनील कुर्रे, रितेश गुप्ता, साकेत वर्मा, ठंडाराम उइके 230 किमी की रायपुर पदयात्रा भी कर चुके है । उसके बाद भी कटघोरा को जिला बनाने की मांग को पूरा नहीं किया गया है।

# केजंग में कलेक्टर एवं एसपी ने चौपाल लगा ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

## केजंग में 03 बोरवेल खुदवाने और आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र निर्माण हेतु 03 दिवसीय शिविर के दिये निर्देश

केजंग में जनसमस्या निवारण शिविर एवं बच्चों को चरण पादुका वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोण्डागांव ।** शनिवार को कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने ग्राम पंचायत केजंग में जनसमस्या निवारण शिविर एवं चरण पादुका वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के शीर्ष अधिकारियों को अपने पास पाकर ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं था। सभी से कलेक्टर ने गोंडी, हल्बी एवं हिंदी में संवाद किये। सभी ने अपनी भाषा में कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याएँ रखीं।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से स्कूलों में शिक्षा, आंगनबाड़ी में बच्चों को मिल रहे संतुलित आहार, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं, सड़क, बिजली आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। जिसमें ग्रामीणों द्वारा पेयजल की कुछ स्थानों पर समस्या बताये जाने पर कलेक्टर ने बताया कि ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर नल के कनेक्शन पहुंचाने के लिए कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है जल्द कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऐसे पारे या मोहल्ले जहां पर आवश्यकता है वहां पर 03 नलकूप खनन कराया जाएगा साथ ही और आवश्यकता लगने पर अन्य नलकूप भी खोदे जाएंगे। इसके साथ ही कलेक्टर ने बच्चों एवं ग्रामीणों की मांग पर ग्राम में सोमवार से लेकर तीन दिवसीय शिविर लगाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। जिसमें ग्रामीणों की आय, जाति, निवास एवं आधार कार्ड जैसे मूलभूत दस्तावेजों के निर्माण का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने मड़ानार में तालाब खनन हेतु प्रस्ताव भेजने तथा ग्रामीणों को मनरेगा अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की मांग अनुसार प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा ताकि ग्राम के अधिक से अधिक लोगों को मनरेगा अंतर्गत रोजगार का अधिकार दिलाया जा सके। महिलाओं की मांग पर कलेक्टर ने मोटो जचकी मोचो अस्पताल योजना अंतर्गत गांव में निजी वाहनों की सूची तैयार कर गर्भवती महिलाओं की सुविधा हेतु अस्पताल तक पहुंचाने को कहा। जिस पर निजी वाहनों को भी नगद भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा पुलिया, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा आदि की मांग पर कलेक्टर ने सभी को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ निकिता मरकाम, तहसीलदार विजय मिश्रा, एसडीओपी सतीश भार्गव सहित बीआरसी, सरपंच, गायता, पुजारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे इस अवसर पर कलेक्टर एवं एसपी ने ग्राम के स्कूली बच्चों को मावा गिरदा कोण्डागांव योजना अंतर्गत चरण पादुकाएं वितरित की।

जिसके सम्बन्ध में एसपी ने कहा कि जब वे अंदरूनी क्षेत्रो में भ्रमण में जाया करते थे तो बच्चों को नंगे पैर जंगलों में भटकते देखते थे जिसे देखकर उन्होंने बच्चों को मावा गिरदा कोण्डागांव अंतर्गत चरण पादुकाएं वितरित करने की योजना बनाई थी जिसके अंतर्गत बच्चों को जूते प्रदान किये गए।

# नरदहा रायपुर में माननीय राज्यपाल की उपस्थिति में आंजनेय विश्वविद्यालय का शुभारंभ

रायपुर। आंजनेय विश्वविद्यालय का माननीय राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय का यह प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के छात्र उच्च अध्ययन के लिए महानगरों में न जाएं बल्कि उन्हें अपने ही राज्य में पाठ्यक्रमों के मामले में समान गुणवत्ता, समान बुनियादी ढांचा और समान सुविधाएं मिले। यह विश्वविद्यालय अपने नाम के अनुरूप विद्यार्थियों को बल, बुद्धि, ज्ञान देने के साथ-साथ देश सेवा का रास्ता भी दिखाएगा। कार्यक्रम में भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. उमेश मिश्रा जी, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल जी, कुलपति टी. रामाराव जी, विश्वविद्यालय के डायरेक्टर बी.सी. जैन जी, अन्य अधिकारी, फैकल्टी मेम्बर, डीन, प्राचार्य, प्राध्यापक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एक नजर

## रायपुर में अब होगा अंडरग्राउंड केबल का काम

रायपुर। रायपुर को शनिवार को विकास कार्यों की सौगात मिलने जा रही है। शाम करीब 6 बजे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जय स्तंभ चौक में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। साथ ही रायपुर स्मार्ट सिटी की ओर से 16 शहरी उद्यानों और तालाबों को रिनोवेट किया गया है इसका भी लोकार्पण होगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री शहरी औद्योगिक पार्क का भी लोकार्पण करेंगे। रायपुर में करीब 132 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा। इनमें विद्युत वितरण कंपनी की ओर से अंडरग्राउंड केबलिंग भी शामिल है। 109 करोड़ की लागत से अंडरग्राउंड केबलिंग के काम का शिलान्यास होगा। क्या है रजक गुड़ी- रायपुर में परंपरागत रूप से कपड़े की धुलाई और प्रेस करने के काम में जुटे रजक समाज को आधुनिक सुविधाएं दी जाएंगी। इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी ने नरैया तालाब में शहरी औद्योगिक पार्क की स्थापना की है। यहां इलेक्ट्रिक वॉशिंग मशीन लगाई गई है। साथ ही कपड़े निचोड़ने की 2 मशीन, एक वॉशर एक ड्रायर मशीन भी है।

# छत्तीसगढ़ में सेनानियों-शहीदों के गांव पहुंचेगी भाजपा

## 90 विधानसभा क्षेत्र से शहीदों के गांव की मिट्टी जाएगी दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय
छत्तीसगढ़
गोविंद सारंग स्मृति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गुमनाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भारतीय जनता पार्टी याद कर रही है। इस चुनावी साल में देश भक्ति के भाव को लेकर भाजपा गांव-गांव पहुंच रही है। केंद्र सरकार की योजना के तहत भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए लोगों और सेनानियों के गांव में जाकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

देशभर में केंद्र सरकार की ओर से मेरी माटी मेरा देश नाम का अभियान चलाया जा रहा है । इस दौरान ग्रामीण इलाकों में पौधारोपण किए जा रहे हैं और स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं । सेनानियों के गांव से मिट्टी दिल्ली भेजा जाएगा। कर्तव्य पथ के पास बनाए गए वार मेमोरियल के पास एक अमर वाटिका बनाई जाएगी, जिसे देश के सेनानियों-शहीदों की थीम पर तैयार किया जाएगा। इसमें देशभर से सेनानियों शहीदों के गांव की मिट्टी होगी। यह अभियान प्रदेश में भी चलाया जा रहा है। इस अभियान को लेकर भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पिछले 60 सालों में पूरे देश को यह बताया कि दो चार पांच लोग ही इस देश के शहीद हैं।

आज भाजपा ने गांव गांव में जो शहीद हुए हैं, जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है। उन गांव के लोगों में भी गौरव की भावना स्वाभिमान की भावना देश के प्रति समर्पण की भावना पैदा कर रही है। इसलिए छत्तीसगढ़ के शहीदों के गांव की मिट्टी लेकर केंद्र में पहुंचाकर, केंद्र में एक भव्य स्मारक बनेगा। प्रदेशों में भी स्मारक बनेगा और गांव में भी। इससे देश के प्रति समर्पण की भावना लोगों में पैदा होगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की थी घोषणा

अभियान की घोषणा पीएम नरेंद्र मोदी ने 30 जुलाई को मन की बात के एपिसोड में की थी। इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अभियान के तहत वीर सेनानियों की याद में देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में वीर सेनानियों की याद में एक स्मारक का निर्माण होगा, जिसे शिलाफलक नाम दिया गया है। इस पर उस क्षेत्र के सभी सेनानियों के नाम दर्ज किए जाएंगे। मेरी माटी मेरा देश अभियान 9 अगस्त को शुरू हुआ है, जिसके तहत 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस तक निर्धारित कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसके बाद के कार्यक्रम 16 अगस्त से ब्लॉक, नगर पालिका/निगम और राज्य स्तर पर होंगे।

## प्रदेश में आईएएस और आईएफएस का हुआ स्थानांतरण

# सत्यनारायण राठौर को नान, अरुण प्रसाद को सीएसआईडीसी की जिम्मेदारी



छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
//आदेश//

नवा रायपुर, दिनांक: 11/08/2023

क्रमांक ई 1-01/2023/एक-2:: राज्य शासन एतद्द्वारा **श्री भुवनेश यादव** भा.प्र.से. (2006), सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार, सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग तथा आयुक्त, निःशक्तजन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ **नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

2/ **श्री सत्यनारायण राठौर**, भा.प्र.से. (2008), रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं सोसायटी तथा अतिरिक्त प्रभार, संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा एवं आयुक्त, छ0ग0 गृह निर्माण मंडल को केवल आयुक्त, छ0ग0गृह निर्माण मंडल के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए **विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग** का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है। शेष प्रभार यथावत् रहेगा।

CMO CHHATTISGARH

3/ **श्री सारांश मित्तर** भा.प्र.से. (2010), प्रबंध संचालक, छ0ग0 स्टेट रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन(CGRIDCL) तथा अतिरिक्त प्रभार प्रबंध संचालक, छ0ग0 राज्य औद्योगिक विकास निगम (CSIDC), नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, संचालक, उद्योग एवं विशेष सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग को केवल संचालक, उद्योग तथा प्रबंध संचालक, छ0ग0 राज्य औद्योगिक विकास निगम (CSIDC), नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना एवं विशेष सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करता है। शेष प्रभार यथावत् रहेगा।

4/ **सुश्री इफ्फत आरा**, भा.प्र.से. (2012), प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा तथा अतिरिक्त प्रभार मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को केवल मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए, **आयुक्त, छ0ग0 गृह निर्माण मंडल** का अतिरिक्त कार्यभार सौंपता है। शेष यथावत् रहेगा।

5/ **सुश्री दिव्या उमेश मिश्रा**, भा.प्र.से. (2012), संचालक, महिला एवं बाल विकास तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य कौशल विकास अभिकरण को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ **संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

2...

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ में आईएएस अधिकारियों की ट्रांसफर लिस्ट जारी की है। जिसके मुताबिक प्रदेश के 6 आईएएस अफसरों का तबादला हुआ है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के मुताबिक, आईएएस सत्यनारायण राठौर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नान यानी खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, आईएएस भुवनेश यादव को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस इफ्फत आरा को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस दिव्या उमेश मिश्रा को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। IAS पदमिनी भोई को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ मिशन संचालक स्वस्थ्य भारत मिशन ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा दिया गया। इसके अलावा IAS सारांश मित्तर का भी प्रभार बदला गया है।

### आईएफएस अरुण प्रसाद को सौंपा गया सीएसआईडीसी का अतिरिक्त प्रभार

राज्य सरकार ने IFS अरुण प्रसाद पी को संचालक उद्योग एवं प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम CSIDC का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में भी आदेश जारी किया है।

# 2023 के लिए कांग्रेस ने अपनाया 2018 का फॉर्मूला, पहले भी हुए थे ऐसे आयोजन, बीजेपी बोली- कुछ भी करें जनता ही चुनेगी प्रतिनिधि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस विधानसभा चुनाव को लेकर 2018 के फॉर्मूले पर आगे बढ़ रही है। 2018 की तरह ही अलग-अलग आयोजन पार्टी कर रही है। कार्यकर्ता सम्मेलन, बूथ मैनेजमेंट, प्रशिक्षण शिविर और भरोसे का सम्मेलन जैसे कार्यक्रम अलग-अलग जिलों, संभागों में हो रहा है। 2018 में भी इसी तरह के आयोजन कांग्रेस पार्टी ने किए थे। जो कारगर भी साबित हुए थे और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत से जीतकर सरकार बनाई थी। साल 2018 की तरह इस विधानसभा चुनाव से पहले संभाग स्तर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। यहां कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के साथ चुनावी मोड में लाने की कवायद संभागीय सम्मेलनों से ही की गई। इस दौरान कांग्रेस का फोकस नाराज नेताओं को मनाने के साथ-साथ पार्टी को छोड़कर जाने वाले सीनियर और प्रभावशाली नेताओं को फिर से पार्टी में जोड़ने का रहा।

# सब्जी वाले के बैंक अकाउंट में आए करोड़ों, पता चला डील सटोरियों की थी

**रायपुर।** रायपुर में ऑनलाइन सट्टेबाजी का करोड़ों का कारोबार फल-फूल रहा है आखिर कैसे बड़ी चालाकी से सटोरिए सट्टेबाजी की करोड़ों की रकम कालीन दिन करते हैं इसका खुलासा हुआ है रायपुर के एक सब्जी वाले के खाते में करोड़ों रुपए आ गए इसका ट्रांजैक्शन लगातार हो रहा था और सब्जी वाले को इसकी खबर ही नहीं थी पुलिस ने जांच की तो पता चला यह रकम सटोरियों से जुड़ी हो सकती है इस इसी तरह के अलग-अलग मामलों में रायपुर की पुलिस ने 13 शातिर लोगों को 13 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है अब इनसे करोड़ों रुपए के लेनदेन से रुपयों के लेन-देन के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। रायपुर के एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि गुढ़ियारी लाकर में सब्जी बेचने वाले राजेंद्र कुमार भारती और खमतराई इलाके में बिल्डिंग का काम करने वाले अरुण जाल के खातों में करोड़ों रुपए के लेनदेन होने की बात सामने आई थी इन खाताधारकों की जानकारी के बिना इनके डॉक्यूमेंट पर कुछ लोगों ने बैंक अकाउंट खुलवा लिए और इसमें अपने अवैध कमाई की रकम का लेनदेन किया करते थे इन लोगों ने जब बैंक से संपर्क किया तो गड़बड़ी का पता चला और मामला पुलिस के पास आया इस जांच में इनके से इसकी जांच में कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है हमें शक है कि इनका संबंध ऑनलाइन सट्टा ऐप ऑपरेट करने वाले गैंग से हो सकता है आरोपियों से पूछताछ की जा रही है बैंक खातों की डिटेल हम हासिल कर रहे हैं यह भी देखा जा रहा है कि इस तरह से और कितने लोगों के डॉग के डॉक्यूमेंट के आधार पर इन आरोपियों ने खाते खुलवाए और रुपयों का लेनदेन किया।

# शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता- मोहन मरकाम

## प्रभारी मंत्री मोहन मरकाम ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की मैराथन बैठक

समीक्षा बैठक
अध्यक्षता
माननीय श्री मोहन मरकाम

**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग एवं मनेंद्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहन मरकाम ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ सभी को मिले। जनता को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। समीक्षा बैठक जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल के मंशानुसार व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र धारियों को मनरेगा के अंतर्गत भूमि समतलीकरण व अन्य कार्य प्राथमिकता से स्वीकृत किया जा रहा है। इससे वनाधिकार पत्र धारी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रहे हैं। किसी भी कारण से अस्वीकृत वनाधिकार पत्रों को फिर से रिव्यू किया जाए और पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र वितरित करने के निर्देश दिए। इसी तरह राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने नगरीय निकाय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के सम्बन्ध में जनता के बीच प्रतिक्रिया से अवगत होते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारी से जिले में खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। खाद्य बीज की काला बाजारी को रोकने के लिए सतत् रूप से दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने उप संचालक कृषि को राजीव गांधी किसान न्याय योजना तथा अन्य योजनाओं से अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित करने को कहा।

समीक्षा बैठक
अध्यक्षता
माननीय श्री मोहन मरकाम

# कलेक्टोरेट घेरने जा रहे भाजपाइयों को पुलिस ने रोका, सड़क पर बैठ किए नारेबाजी

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा
जिला कोण्डागांव
छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा
किसानों को
अमानक वर्मी कम्पोस्ट खाद जबरन देने के विरोध में
कलेक्ट्रेट घेराव
11 अगस्त 2023 स्थान : कोण्डागांव (छ.ग.)

**कोंडागांव।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया। किसानों को अमानक वर्मीकम्पोस्ट खाद वितरित करने विरोध में किसान आंदोलन के माध्यम से कलेक्ट्रेट घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया गया । स्थानीय जयस्तंभ चौक में एकत्रित बड़ी संख्या में जिले भर से आए भाजपा कार्यकर्ता व किसान रैली को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी एवं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने संम्बोधित किया रैली के रूप में कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे,जहां पुलिस बल के साथ जमकर झूमाझटकी हुई।

धरना उपरांत किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अंजोरी नेताम के नेतृत्व में हाथों में वर्मी कम्पोस्ट को पकड़ कर नारेबाज़ी की गई। रैली की शक्ल में एवं ट्रेक्टर ट्रॉली में कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों की पुलिस के साथ जमकर झूमाझटकी हुई । अंत में भाजपा नेताओं ने कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपकर अपना प्रदर्शन समाप्त किया । ज्ञापन के माध्यम से जबरन अमानक वर्मिकम्पोस्ट न दिये जाने, गोबर घोटाला के विरुद्ध जाँच किए जाने, किसानों को विद्युत पम्प कनेक्शन दिये जाने, दो वर्ष का बोनस भुगतान किए जाने एवं अल्पवर्षा के फलस्वरूप सूखा घोषित किए जाने की माँग की गई।

### दुरुस्त रही पुलिस व्यवस्था

भाजपाईयों के कलेक्ट्रेट घेराव को लेकर कोंडागांव पुलिस ने पूरी व्यवस्था कर रखी थी। कलेक्ट्रेट के चारो गेटो पर पुलिस बल तैनात रहे। कुछ झूमाझटकी हुई पर खड़ी पुलिस दल ने भाजपाईयो को रोक रखा। जिसके चलते बैरियर तक नहीं पहुंच पाये भाजपाई, सड़क पर बैठ गये।

### ये रहे मौजूद

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित

सेवकराम नेताम, चंदन साहू, मनोज जैन, ओम प्रकाश टावरी, तरुण साना, आकाश मेहता, हरिशंकर नेताम, धनराज मालू, दयाराम पटेल, मनिराम, सुरेश देवांगन, जितेंद्र सुराना, संजू पोयाम,बंटी नाग, यतींद्र सलाम, प्रशांत पात्र, विकास दुआ, रौनक दीवान, प्रतोष त्रिपाठी, रौनक पटेल,प्रेमसिंह नाग, किरण उसेंडी, जैनेंद्र ठाकुर, अनिल अग्रवाल, मीनू कोर्रम, मंगतू नेताम, दीपेन्द्र नाग, रामेश्वर उसेंडी, बालसिंह बघेल, ऋषभ देवांगन, महेंद्र सेठिया, लच्छिन्दर पोयाम, भानु ठाकुर, गोरखनाथ बघेल, वीर बघेल, झुमुक नाग, इना श्रीवास्तव, सूरजबती नेताम, सोनामणि पोयाम, सोमा दास, गामा जयसवाल, बिद्दू पाणिग्रही, बसंती ठाकुर सहित ज़िले के दसों मण्डलों से मोर्चा के पदाधिकारी सहित सैकड़ों किसान शामिल रहे।

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, रविवार 13 अगस्त 2023

## अभिषेक बच्चन की घूमर का गाना जारी, 18 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन की अपकमिंग फिल्म घूमर को लेकर सुर्खियों में है। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था। वहीं अब इस मूवी का टाइटल ट्रैक रिलीज हुआ है। जो रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। यह गाना विजुअल्स और जीत की एक मानवीय यात्रा का वर्णन करता है। इस गाने को दीपाक्षी कलिता और अल्तमश फरीदी ने अपनी आवाज में गाया है। इस गाने के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। घूमर गाना पारंपरिक और कंटेम्पररी ट्यून्स को एक साथ लाता है, जो दर्शकों के दिल को छू लेने वाली धुन का वादा करता है। अभिषक ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर घूमर का गाना जारी किया है।

## व्हाइट बॉडीकॉन ड्रेस पहन पूजा हेगड़े ने इंटरनेट पर लगाई आग, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ फोटोशूट

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन अपने फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में एक बार फिर से उनकी स्टाइलिश अदाएं देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हमेशा अपनी बोल्ड और ग्लैमरस फोटोज इंटरनेट पर पोस्ट करती रहती हैं।

एक्ट्रेस ने बेहद कम समय में लोगों के बीच अपनी एक खास पहचान बना ली है। अब हाल ही में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में पूजा हेगड़े ने व्हाइट कलर की सिंगल स्लीवलेस ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। ओपन कर्ली हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। पूजा हेगड़े सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी लंबी है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर जमकर लाइक करते हैं।

## फारिया अब्दुल्ला द जेंगाबुरु कर्स के दृश्यों को शूट करने असली खदान के अंदर 500 फीट गहराई तक गई

अभिनेत्री फारिया अब्दुल्ला, जो अपनी आगामी स्ट्रीमिंग श्रृंखला द जेंगाबुरु कर्स की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने साझा किया है कि श्रृंखला के कुछ दृश्यों को शूट करने के लिए टीम खदानों के अंदर 500 फीट गहराई तक गई थी। इसके लिए उन्हें हेलमेट और जूते पहनने पड़े। शूटिंग के कारण ऑक्सीजन का स्तर भी गिर गया। अपने शूटिंग अनुभव के बारे में बात करते हुए, प्रियंबदा दास का किरदार निभाने वाली फारिया अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने वास्तविक स्थानों पर शूटिंग की है, चाहे वह हवाई अड्डा हो या बाजार।

उन्होंने कहा, टीम ने स्थानों की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए वास्तव में प्रयास किए हैं। मुझे याद है कि एक व्यस्त बाजार में शूटिंग की गई थी और टीम लगातार लोगों को कैमरे में न देखने और कहीं और देखने का निर्देश दे रही थी। सबसे रोमांचक लेकिन रोमांचकारी हिस्सा शूटिंग का मुख्य भाग वास्तविक खदानों में शूट करना था।

हम कुछ दृश्यों को शूट करने के लिए खदान के अंदर 500 फीट की गहराई तक गए। हमें हेलमेट और जूते पहनने पड़े; जैसे ही हम खदान के अंदर गए, ऑक्सीजन का स्तर गिर गया। हम डर गए थे लेकिन अनुभव असली था।

स्टूडियो नेक्स्ट द्वारा निर्मित, द जेंगाबुरु कर्स नीला माधब पांडा द्वारा निर्मित और निर्देशित है। मयंक तिवारी द्वारा लिखित, पाउलो पेरेज़ श्रृंखला में डीओपी के रूप में कार्य करते हैं। आलोकानंद दासगुप्ता और दुर्गा प्रसाद महापात्र क्रमशः संगीत निर्देशक और प्रोडक्शन डिजाइनर के रूप में काम करते हैं। जबीन मर्चेंट द्वारा संपादित, श्रृंखला में फारिया अब्दुल्ला, नासिर, मकरंद देशपांडे, सुदेव नायर, दीपक संपत और हितेश दवे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज 9 अगस्त से सोनी लिव पर स्ट्रीम हुई।

## सुष्मिता सेन की ताली का मोशन पोस्टर जारी

15 अगस्त को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी वेब सीरीज

**बॉ**लीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन पिछले काफी समय से अपनी आगामी वेब सीरीज ताली को लेकर चर्चा में हैं। इसमें सुष्मिता ट्रांसजेंडर (किन्नर) श्रीगौरी सावंत की भूमिका में नजर आएंगी।जहां बीते दिन निर्माताओं ने ताली का ट्रेलर जारी किया था, वहीं अब फिल्म का पहला मोशन पोस्टर सामने आ चुका है, जिसमें सुष्मिका का अवतार काफी दमदार लग रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर ताली का मोशन पोस्टर जारी किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, भारत के तीसरे लिंग के लिए पहचान, अस्तित्व और समानता की लड़ाई।बता दें, गौरी ट्रांसजेंडर ऐक्टिविस्ट हैं।वह किन्नरों के कल्याण के लिए सखी चार चौगी नाम की संस्था चलाती हैं। यह संस्था किन्नरों में सुरक्षित यौन संबंध के प्रति जागरूकता के लिए काम करती है।उन्होंने किन्नरों के गोद लेने के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी थी। गौरी सावंत पेशे से सोशल वर्कर हैं, जो कई वर्षों से किन्नरों के हितों के लिए काम कर रही हैं। उनका जन्म गणेश नंदन नाम के साथ हुआ था। उन्होंने अपनी जिंदगी में काफी उतार चढ़ाव देखे। गौरी अपने बारे में जानती तो थीं, लेकिन वह चाहकर भी पिता को बताने की हिम्मत नहीं कर पाईं। हालांकि, पिता की शर्मिंदगी का कारण न बनने के लिए गौरी ने घर छोड़ दिया था। हमसफर ट्रस्ट की मदद से खुद को बदला, और वह बन गईं गणेश नंदर से गौरी सावंत। गौरी ने नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में काफी अहम भूमिका निभाई थी।

## आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 का फनी पोस्टर रिलीज



**आ**युष्मान खुराना और अनन्या पांडे ने पहली बार ड्रीम गर्ल 2 पर एक साथ काम करने के लिए हाथ मिलाया है. खबर की घोषणा के बाद से वे सुर्खियां बटोर रहे हैं क्योंकि दर्शक उन्हें स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. यह फिल्म 2019 की रोमांटिक कॉमेडी ड्रीम गर्ल का सीक्वल है, जिसमें आयुष्मान और नुसरत भरुचा ने अभिनय किया था. फिल्म के टीजर और ट्रेलर के बाद आज मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है. आगामी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का लेटेस्ट पोस्टर आज निर्माताओं द्वारा रिलीज किया गया. कुछ मिनट पहले, आयुष्मान खुराना ने एक अनोखा पोस्टर जारी किया था जिसमें वह पूजा के रूप में नजर आ रहे हैं. वह पिंक लहंगा पहने, ब्राउन कलर के विग में पोज देते हुए नजर आ रहे हैं. फिल्म में पूजा के प्रेमी, जिसमें अभिनेता राजपाल यादव भी शामिल हैं, उनके लहंगे से बाहर झांकते नजर आ रहे हैं।

## दिव्या खोसला कुमार की फिल्म यारियां 2 का फर्स्ट लुक आउट


Cousins by blood friends by choice
Yaariyan 2

**सा**ल 2014 में रिलीज हुई हिमांश कोहली और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म यारियां बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब पूरे 8 साल बाद फिल्म का सीक्वल रिलीज हो रहा है, जिसका नाम है यारियां 2। हालांकि अब यारियां 2 की स्टारकास्ट पूरी तरह से बदल गई है। फिल्म में अब हिमांश कोहली और रकुल प्रीत सिंह की जगह एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार, पर्ल वी पुरी और एक्टर मिजान जाफरी लीड रोल में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म यारियां 2 का पोस्टर सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार दुल्हन के लुक में नजर आ रही हैं तो वहीं एक्टर पर्ल वी पुरी दुल्हा बने हुए हैं। तो वहीं मिजान जाफरी भी पोस्टर में नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि दिव्या खोसला कुमार ने पर्ली वी पुरी और मिजान जाफरी दोनों के कंधों पर अपने हाथ रखे हुए हैं। इसके साथ ही पोस्टर में दिव्या स्मोकिंग कर रही हैं। फिल्म का पोस्टर बहुत वाइब्रेंट है लग रहा है। यारियां 2 का फर्स्ट लुक सामने आने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट दोगुनी हो गई है।

इस फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए दिव्या खोसला कुमार ने कैप्शन में लिखा, अपनी मां के आशीर्वाद से, मैं आप सभी के साथ अपनी फिल्म का पोस्टर साझा कर रहा हूं। यारियां 2 फिल्म को राधिका राव और विष्णु सापरु ने डायरेक्ट किया है।

## खेल

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2023 के लिए 17 मेंबर्स वाली टीम घोषित कर दी है। BCB के चीफ सिलेक्टर मिन्हाजुल आबेदीन ने शनिवार को इसकी घोषणा की। बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टीम के कप्तान, वहीं मुश्फिकुर रहीम विकेटकीपर होंगे। 22 साल के ओपनर तंजीद तमीम को आगामी एशिया कप के लिए वनडे टीम में पहली बार मौका मिला है। तंजीद टूर्नामेंट से अपने इंटरनेशनल करियर का डेब्यू कर सकते हैं।

एशिया कप के लिए बांग्लादेश टीम घोषित

## शाकिब अल हसन करेंगे कप्तानी; अनकैप्ड ओपनर तंजीद तमीम टीम में शामिल

तंजीद टीम में तमीम इकबाल की जगह लेंगे। तमीम इकबाल पीठ की चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे हैं। तंजीद इमर्जिंग एशिया कप में अपने प्रदर्शन के दम पर आए हैं, जहां उन्होंने तीन अर्धशतक लगाए थे।

वहीं युवा बल्लेबाज शमीम हुसैन को भी पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है। शमीम ने बांग्लादेश के लिए 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं, लेकिन वनडे स्क्वॉड में उन्हें पहली बार शामिल किया गया है।

एशिया कप 2023 में बांग्लादेश अपना पहला मैच 31 अगस्त को कैंडी में श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। एशिया कप के लिए बांग्लादेश टीमः शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, तंजीद तमीम, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हृदॉय, मुश्फिकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, शेख महेदी, नसुम अहमद, शमीम हुसैन, अफीफ हुसैन , शोरफुल इस्लाम, इबादत हुसैन, मोहम्मद नईम।



### 31 अगस्त से शुरू होना था एशिया कप, अब 30 से

वनडे एशिया कप पहले 31 अगस्त से 17 सितंबर तक खेला जाना था, लेकिन ओपनिंग में बदलाव किया गया है। अब उद्घाटन मुकाबला 30 अगस्त को मुल्तान में खेला जाएगा।

### हाईब्रिड मॉडल पर आयोजन, 6 टीमें हिस्सा लेंगी

*टूर्नामेंट का हाईब्रिड मॉडल पर खेला जाएगा। यानी कि टूर्नामेंट के शुरुआती चार मुकाबले पाकिस्तान में होंगे, जबकि फाइनल सहित बाकी 9 मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट की 6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें सुपर-4 स्टेज में जाएंगी।*

## इंडिया चौथी बार ट्रॉफी जीतने से एक कदम दूर; पहली बार खिताबी मुकाबला खेलेगा मलेशिया



**चेन्नई।** हॉकी में भारत और मलेशिया के बीच एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का फाइनल आज खेला जाएगा। मैच चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में रात 8ः30 बजे से होगा। भारत टूर्नामेंट के इतिहास में पांचवी बार फाइनल खेलेगा। अब तक खेले 4 फाइनल में भारत को एक हार मिली है। जबकि, उसने 2 मुकाबले जीते। 2018 में पाकिस्तान और भारत के बीच ट्रॉफी शेयर हुई थी।

दूसरी ओर मलेशिया पहली बार टूर्नामेंट का फाइनल खेलने जा रहा है। मलेशिया ने सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 6-2 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

भारत और मलेशिया एक दूसरे के खिलाफ 34 बार खेले हैं। भारत हेड टु हेड में हावी रहा है। टीम ने मलेशिया को 34 में से 23 मुकाबलों में हराया। जबकि, मलेशिया को 7 मैच में जीत मिली। दोनों टीमों के बीच 4 मैच ड्रॉ रहे।

### भारत टूर्नामेंट में अजेय

टेबल-टॉपर भारत टूर्नामेंट में अजेय है। टीम ने पांच मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। एकमात्र ड्रॉ जापान के खिलाफ ग्रुप स्टेज में आया। भारत का सेमीफाइनल में मुकाबला जापान से ही हुआ। इस बार भारत ने उसे 5-0 से हराया।

भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह शानदार फॉर्म में है। 6 मैच में कुल 8 गोल कर वह टूर्नामेंट के टॉप गोलस्कोरर हैं। भारत इस समय साउथ अफ्रीकी कोच क्रेग फुल्टन के अंडर अटैकिंग गेम खेल रहा है। इंडियन टीम ने अब तक इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 25 गोल दागे हैं।

भारत एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के फाइनल में पहुंचा

## जापान को 5-0 से हराया, मलेशिया से आज होगा खिताबी मुकाबला

**चेन्नई।** भारतीय हॉकी टीम ने चेन्नई में खेली जा रही एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। टूर्नामेंट की इकलौती अजेय टीम भारत ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में जापान को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। आकाशदीप सिंह ने19वें मिनट,कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 23 वें मिनट, मनदीप सिंह ने 30वें मिनट, सुमित ने 39 वें मिनट और कार्थी सेल्वम ने 51वें मिनट में गोल दागा। भारत का फाइनल मुकाबला सेमीफाइनल 1 के विजेता मलेशिया से आज होगा। भारत ने पांचवी बार फाइनल में जगह बनाई है। ग्रुप स्टेज में भारत ने मलेशिया को 5-0 से हराया था।

### भारत के पास चौथी बार ट्रॉफी जीतने का मौका

भारत के बाद चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का मौका है। भारत ने 3 बार यह खिताब जीत चुका है। टीम ने पिछला खिताब 2016 में जीता था। वहीं भारत 2018 में पाकिस्तान के साथ संयुक्त विजेता भी रही थी।

### क्वार्टर-दर-क्वार्टर बढ़ा भारत की बढ़त का अंतर...

*भारत ने पहले क्वार्टर में डोमिनेट किया। भारतीय खिलाड़ियों ने अटैकिंग गेम खेला। वहीं, जापान ने अपनी पिछली गलतियां नहीं दोहराते हुए डिफेंस लाइन पर काम किया और भारतीय प्लेयर्स को गोल स्कोर करने से रोके रखा। क्वार्टर के दौरान हरमनप्रीत के एक पेनल्टी कॉर्नर शॉट ने भारत को लगभग बढ़त दिला दी थी, लेकिन जापान का डिफेंस गोल बचाने में कामियाब रहा।*

### एक नजर

## मुकेश जिस तरह से प्रगति कर रहा है, उससे बहुत खुश हूं:भारतीय गेंदबाजी कोच

**लॉडेरहिल ( फ्लोरिडा )।** भारतीय गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने सभी तीनों प्रारूपों में भारत के लिए खेलने की काबिलियत दिखायी है जिससे उनके कार्यभार का प्रबंधन इसके अनुसार ही किया जायेगा। वेस्टइंडीज के दौरे पर इस तेज गेंदबाज को सभी तीनों प्रारूपों में पदार्पण का मौका मिला। फ्लोरिडा में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले म्हाम्ब्रे ने मुकेश की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। म्हाम्ब्रे ने कहा, वह जिस तरह से प्रगति कर रहा है, उससे बहुत खुश हूं। उसकी सोच, हमने उससे जो चर्चा की थी और खेल के प्रति उसका रवैया बहुत ही शानदार है। उन्होंने कहा, आपको ऐसे ही खिलाड़ी की जरूरत है जो यहां एक दौरे पर आये, कड़ी प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ अलग से विकेट पर खेले जो कभी भी आसान नहीं होता। लेकिन उसने जिस तरह की गेंदबाजी की है और जो जज्बा दिखाया है, उससे हम काफी खुश हैं। म्हाम्ब्रे ने कहा, हम जानते हैं कि वह सभी तीनों प्रारूपों में खेलने की काबिलियत रखता है, लेकिन हमें उसके कार्यभार प्रबंधन में काफी स्मार्ट होना होगा। उसने काफी घरेलू क्रिकेट खेला है और अपनी गेंदबाजी में निखार किया। कैरेबियाई सरजमीं की धीमी विकेट की तुलना करते हुए गेंदबाजी कोच को अमेरिका की पिच के बल्लेबाजों के मददगार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, यह थोड़ी अलग है, यहां की मिट्टी काली है जैसी भारत के उत्तरी हिस्से की होती है। यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होने वाला है। गेंद सीधे बल्ले पर आयेगी। हमने नेट में यही देखा था। लगता है कि यह बड़े स्कोर वाला मैच होगा। भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में अब भी वेस्टइंडीज से 1-2 से पिछड़ रही है लेकिन म्हाम्ब्रे को टीम की वापसी का पूरा भरोसा है।

## मैच के दौरान बाहर से कोचिंग नहीं करताः हॉकी कोच फुल्टन



**चेन्नई** । भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने एशियाई चैम्पिंयस ट्राफी (एसीटी) के सेमीफाइनल में जापान पर मिली जीत के बाद कहा कि वह मैच के दौरान बाहर से खिलाड़ियों को निर्देश देना पसंद नहीं करते और ट्रेनिंग के दौरान ही खिलाड़ियों ही जानकारी देने को तरजीह देते हैं। भारत ने शनिवार को यहां अंतिम चार में जापान को 5-0 से रौंद दिया और उसका सामना यहां खिताबी भिड़ंत के लिए मलेशिया से होगा। जापान के खिलाफ बड़ी जीत के बाद फुल्टन ने कहा, मैं मैच के दौरान बाहर से ज्यादा कोचिंग नहीं देता लेकिन ट्रेनिंग के दौरान काफी कोचिंग देता हूं। क्योंकि ट्रेनिंग के दौरान ही सिखाया जाता है। हो सकता है कि मैच के दौरान कुछ चीजें बदलनी हों लेकिन इस पर फैसला करना सीनियर खिलाड़ियों का ही काम है।

# नए मतदाताओं की हुंकार, उपयोग करेंगे अपना मताधिकार

## राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जुटे नए मतदाता, मतदान का लिया संकल्प

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आज बोईरदादर स्टेडियम में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां करीब एक हजार कॉलेज एवं स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करते हुए 18 वर्ष के युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने मतदाताओं एवं स्कूली बच्चों को मतदान हेतु शपथ दिलवाई एवं अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट भी उपस्थित रहें। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में कॉलेज एवं स्कूली बच्चों ने फ्लेक्स, तख्तियों को लेकर रैली भी निकाली एवं जनसामान्य को शत-प्रतिशत वोटिंग की अपील की। आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नये मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वा कर मतदान के लिए प्रेरित करना एवं लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करना था। उल्लेखनीय है कि 02 अगस्त से निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ हैं, जो 31 अगस्त तक चलेगा। इस बीच जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 पूर्ण होती है, वो अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, तहसीलदार रायगढ़ लोमस मिरी, प्राचार्य राजेश डेनियल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

चला राइगढ़िया वोट देबइया...
SWEEP
NEW VOTER

कलेक्टर सिन्हा ने दिलाई शपथ

* बोईरदादर स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम



### इन स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियो की रही सहभागिता

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में विद्या विकास स्कूल, सेंट टेरेसा, संस्कार पब्लिक स्कूल, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम, सरदार वल्लभभाई हिंदी माध्यम विद्यालय तिलक स्कूल, साईं बाबा आदर्श विद्यालय, डिग्री कॉलेज, कृषि महाविद्यालय एवं हायर सेकेंडरी स्कूल टारपाली के विद्यार्थी शामिल हुए।

# जोन स्तरीय बैठक में शामिल हुए-वरिष्ठ नेता कमल किशोर साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

जैजैपुर विधानसभा अंतर्गत बड़े सीपत जोन का जोन स्तरीय मासिक बैठक बड़े रबेली में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल किशोर साहू, जोन अध्यक्ष संतोष साहू, बड़े रबेली सरपंच फिलिप सतरंज, ग्राम कुरदा सेक्टर अध्यक्ष सीता जाटवर, राजीव युवा मितान अध्यक्ष राजू चंद्रा, पिहरीद सेक्टर अध्यक्ष दिलेश्वर चंद्रा, बड़े सीपत राजीव युवा मितान सचिव संतोष सोनवाने व कोषा अध्यक्ष हरनारायण श्रीवास, अमरदीप जयसवाल, राजीव युवा मितान अध्यक्ष रवि राजकुमार साहू, किरीत राम साहू, गैस राम जाटवर, सीताराम चंद्रा, लीलाधर साहू, साहनी राम यादव, रामचरण साहू और ग्राम बड़े रबेली के समस्त युवा साथी, महिला समूह व बड़े बुजुर्ग उपस्थित रहे।

# मतदान केन्द्रों में हो रहा विशेष शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 अंतर्गत जिले के समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। यह शिविर आज 12 अगस्त को आयोजित हुई। इसी तरह 13 अगस्त, 19 अगस्त एवं 20 अगस्त 2023 को भी समस्त मतदान केन्द्रों में आयोजित होगी। मतदान केन्द्रों में नियुक्त अविहित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी कार्यालयीन समय में मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेंगे एवं लोगों से आवेदन प्राप्त करेंगे। मतदान केन्द्रों में आयोजित शिविर के दौरान जनसामान्य मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसी तरह नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाने, नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु, आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ने अथवा दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के मतदाताओं से आग्रह किया है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोचन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकता अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है।

* जनसामान्य मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार के लिए कर सकते है आवेदन प्रस्तुत

* आगामी 13, 19 एवं 20 अगस्त को होगा मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर

# अम्बेडकर स्टेडियम बालको में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## मतदान से लोकतंत्र की मजबूती के लिए सीईओ जिला पंचायत ने उपस्थित लोगों को दिलाई शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला नोडल स्वीप व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप की उपस्थिति में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आज बालको के अम्बेडकर स्टेडियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे सहित जनप्रतिनिधि, बालको के अधिकारी-कर्मचारी, श्रमिक, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं नागरिकगण उपस्थित थे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं बालको औद्योगिक संस्थान के श्रमिकों ने मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदान करने का संदेश दिया। सीईओ विश्वदीप ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूकता, मतदान से लोकतंत्र को मजबूत करने की शपथ दिलाई। स्कूली छात्र-छात्राओं ने मतदान जागरूकता संबंधी स्लोगन- छोड़कर अपने सारे काम, सबसे पहले करें मतदान, मोर वोट मोर अधिकार, युवा हो या सियान-सब ला करना हे मतदान की तख्ती लेकर जागरूकता रैली निकाली। सीईओ विश्वदीप ने उपस्थित सभी जन को लोकतंत्र की महत्ता की जानकारी देते हुए बताया कि जनता द्वारा जनता के लिए जनता का शासन ही लोकतंत्र है। किसी भी लोकतंत्र की मजबूती का आधार मतदान है। मतदाता की सक्रिय भागीदारी से देश का लोकतंत्र मजबूत एवं स्थायी बनता है। आप सभी अच्छे मतदाता का परिचय देते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। साथ ही किसी भय, प्रलोभन, लालच या बहकावे में आकर मतदान नहीं करें। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी अपने परिवार सहित आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन कर सके एवं लोकतंत्र की मजबूती मे भागीदार बने।

उन्होंने सभी को आधुनिक दृष्टिकोण अपनाने एवं अपने मत को व्यर्थ न जाने देकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया। सीईओ विश्वदीप ने उपस्थित सभी नागरिकों को एकीकृत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने, स्थानांतरित करवाने हेतु उपयोग में आने वाले आवेदन फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 की उपयोगिता बताई। साथ ही उपस्थित सभी लोगों को विधानसभा निर्वाचन 2023 संबंधी संकल्प पत्र का वाचन कर संकल्प दिलाया।

स्कूली छात्र-छात्राओं एवं श्रमिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान का संदेश

भारत निर्वाचन आयोग
ELECTION COMMISSION OF INDIA
SVEEP
स्वीप अंतर्गत
मतदाता जागरूकता कार्यक्रम
छोड़ो अपने काम पहले
छोड़कर अपने सारे काम सबसे पहले करे मतदान
विकास होही तब सब झन वोट डालबो जब
छोड़कर अपने सारे काम सबसे पहले करे मतदान
जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-कोरबा (छ.ग.)

## एक नजर

### स्वतंत्रता दौड़ का होगा आयोजन 14 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि सोमवार 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा, जो कि कलेक्टोरेट परिसर, सारंगढ़ से प्रारंभ होकर स्थानीय खेलभाठा मैदान परिसर में समाप्त होगी। उक्त आयोजन में स्कूली छात्र, नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में लोग सम्मिलित होंगे।

### सारंगढ़ में शुक्रवार 18 अगस्त को होगा वाक इन इंटरव्यू

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के रिक्त पदों का होगा संविदा भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिले में संचालित सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के रिक्त पदों की संविदा भर्ती हेतु 18 अगस्त 2023 शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद विद्यालय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ खेलभाठा में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक इंटरव्यू के माध्यम से साक्षात्कार लिया जाएगा। इस इंटरव्यू में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक दसवीं, बारहवीं, स्नातक, बीएड, डीएड, टीईटी आदि के साथ जाति, निवास प्रमाण पत्र के फोटोकॉपी, स्वप्रमाणित किए हुए का एक सेट और ओरिजनल अंकसूची भी लेकर आएं। साक्षात्कार में अंग्रेजी माध्यम के व्याख्याता, शिक्षक और सहायक शिक्षक की भर्ती की जाएगी, जिसमें हिंदी, संस्कृत, रसायन, गणित, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान विषय के व्याख्याता, कला आट्र्स और अंग्रेजी विषय के शिक्षक, विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, कला, भौतिक विषय के सहायक शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल अंग्रेजी माध्यम, और प्री प्रायमरी शिक्षक के पद शामिल हैं। इस संबंध में सम्पूर्ण जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय खेलभाठा सारंगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है और वेबसाइट डीपीआरसीजी डॉट जीओवी डॉट इन में जिले के समाचार कालम में सारंगढ़ बिलाईगढ़ के इस समाचार के साथ पीडीएफ फाइल संलग्न है।

### इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ में आज होगा जुम्बा डांस

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत युवा सहित सभी वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जुम्बा डांस का आयोजन किया गया है। सारंगढ़ के जनपद पंचायत कार्यालय और ब्लॉक कॉलोनी के पीछे स्थित इंडोर स्टेडियम में जुम्बा डांस 13 अगस्त 2023 को सुबह 7.30 बजे से किया जाएगा। सभी आयु के इच्छुक प्रतिभागी बच्चे, किशोर, युवा, बुजुर्ग इसमें नि:शुल्क शामिल हो सकते हैं।

### बिलाईगढ़ में 14 और 16 अगस्त को होगा प्लेसमेंट कैंप

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं और अन्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी विकासखंड में एसआईएस इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर के माध्यम से नि:शुल्क प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में प्लेसमेंट कैंप 14 और 16 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प 17 से 19 अगस्त 2023 तक होगा। भर्ती में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, दसवीं, बारहवीं अंकसूची की फोटोकॉपी, 2 पासपोर्ट फोटो लाना होगा। इस भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं की उम्र 21 वर्ष से 35 वर्ष होनी चाहिए। सुरक्षा जवान के 400 पद के लिए योग्यता 10 वीं, 12 वीं, पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपए तक मिलेगा। इसी प्रकार सुरक्षा सुपरवाइजर के 400 पद के लिए योग्यता 12वीं पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपए तक मिलेगा। सुरक्षा अधिकारी के 80 पद के लिए योग्यता स्नातक बीए, बीएससी, बीकॉम उत्तीर्ण है। उनको प्रतिमाह वेतन 17 हजार 500 से 27 हजार 500 रूपए तक मिलेगा। भर्ती में चयन किए गए युवाओं से पांच सौ रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाएगा, जिसकी रसीद भी दी जाएगी। इच्छुक सभी युवा इस प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं। चयनित युवाओं को पूरे छत्तीसगढ़ में सेवा के लिए अवसर दिया जाएगा। वेदांता कोरबा, एम्स रायपुर, जिंदल जैसे शासकीय और निजी उच्च कार्यालयों के साथ साथ विभिन्न जिलों के हॉस्पिटल, आरटीओ, फैक्ट्री, प्लांट, निजी स्कूल आदि में ड्यूटी लगाई जायेगी। इन सभी स्थानों में एसआईएस इंडिया कम्पनी की सेवा पूर्व से अब तक संचालित है। चयनित युवाओं को नौकरी में वेतन के साथ पीएफ आदि दी जाएगी।

# भाजपा मुगालते में न रहे

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

नगर निगम में पार्षद संजय देवांगन ने कहा कि भाजपा किस मुगालते में है जो अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात करता है उनके पास बहुमत ही नहीं है, हम कांग्रेसी एक है और हमारे पास पार्षदों की संख्या भाजपा से ज्यादा हैं, भाजपा के लिए अविश्वास प्रस्ताव मुंगेरीलाल के सपने की तरह है जो देखने में अच्छा तो लगता है मगर सत्य इससे भिन्न है भाजपा किस मुगालते में है, शहर सरकार पूरे 48 वार्ड में 100 करोड़ रुपये से अधिक राशि से शहर का चहुमुखी विकास की गाथा गढ़ी है भाजपा मुद्दा विहीन है, कहीं भाजपा को कांग्रेस के पार्षद उनका साथ देंगे ये गलत फहमी तो नहीं है, भाजपा शहर सरकार बनाने के समय देख चुकी है कि उनके घड़े में छेद है तभी भाजपा के पार्षद कांग्रेस का साथ दिए थे फिर भी दुशाहस कर रहे हैं । अपने आप को ठगने का अच्छा मार्ग तय किया है भाजपा ने विधानसभा चुनाव आते देख अपने आप को कर्मठ, जनता के हितैसी बताने के लिए जी जान एक कर देने वाली भाजपा पौने पांच साल चद्दर ताने सो रही थी तब उन्हें नहीं दिखा जनता किस हाल में है, छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समृद्ध छत्तीसगढ़ राज्य की परिकल्पना कर हर वर्ग को लाभान्वित किया है और स्वालम्बी बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है, भाजपा कभी सोच भी नहीं सकती थी ऐसे विकास को जहां गोबर, गौ मूत्र, से भी लोगों को आमदनी हो सकता है, किसानों को धान के अलावा भी अन्य खेती से उत्पादन में लाभ मिल सकता है, राजीव युवा मितान क्लब से जोड़ कर युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है ऐसे सैकड़ों योजना छत्तीसगढ़ में संचालित है। भाजपा सपने से बाहर निकले और जनता को ठगने से बाज आए ये पब्लिक है सब जानती है। भाजपा अपना किरकिरी कराने से बचे अविश्वास प्रस्ताव लाने का सोचना तो दूर मन में ख्याल भी न लाए नहीं तो बची खुची साख भी समाप्त हो जाएगी।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए स्थापित की जा रही शिलाफलकम्

## * मिट्टी को नमन वीरों का वंदन * प्रधानमंत्री का संदेश शिलाफलकम् में किया जा रहा उल्लेखित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिले में शहरी क्षेत्र से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में शिलाफलकम शिला-पट्टिका की स्थापना की जा रही है।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने निर्देशित किया है कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत, विकासखण्ड, शहरी, स्थानीय निकाय में शिलाफलकम समारोह आयोजित किया जाए। उल्लेखनीय है कि केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है। विगत दो वर्षो से चल रहे इस कार्यक्रम का समापन मेरी माटी मेरा देश अभियान के रूप में होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े वीरों का सम्मान करना जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना आज त्याग दिया। सीईओ विश्वदीप ने बताया कि ग्राम पंचायतों में देश की आजादी के लिए बलिदान हुए प्रत्येक वीरों के नामों की पट्टिका लगाई जा रही है और देश की स्वतंत्रता को बनाए रखने में अपनी शहादत की आहूति दिए जाने वाले जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, देश की रक्षा से जुड़े जवानों, केंद्रीय अर्धसैनिक बल और राज्य पुलिस बल से जुड़े हुए जवानों जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति दी है उनका नाम शिलाफलकम में रहेगा। शिलाफलकम का लोकार्पण समारोह सभी ग्राम पंचायतों में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान भी गाया जाएगा। शिलाफलकम में प्रधानमंत्री का संदेश- प्रत्येक दिन मातृभूमि के लिए जीना, समय के प्रत्येक क्षण एवं जीवन प्रत्येक कार्य को देश के लिए समर्पण करना ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उल्लेखित किया गया है कि ग्राम पंचायत नकटीखार, बरीडीह, अमझर, अद्ध, गिधमुड़ी, पंडरीपानी, कटबितला आदि ग्राम पंचायतों में शिला-पट्टिका स्थापित की गई है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर के समीप मनरेगा के द्वारा शिलाफलकम् स्थापित की जा रही है।

15-8-2023
नरेन्द्र मोदी


75
आजादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत बरीडीह
जनपद पंचायत कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)
15/08/2023
"एक-एक दिन, जीवन का प्रत्येक क्षण, मातृभूमि के लिए जीना ही आजादी के दीवानों को हमारी सच्ची श्रध्दांजलि होगी।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिये बलिदान हुए वीरों को शत शत नमन।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, रविवार 13 अगस्त 2023

## हाथियों की सुरक्षा हेतु शपथ ली गई

# विश्व हाथी दिवस- आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

## वनमण्डल में वन्य प्राणी हाथी की सुरक्षा हेतु संवेदना अभियान की गई शुरूआत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संवेदना अभियान
विश्व हाथी दिवस
2023/8/12 10:01

विश्व हाथी दिवस के उपलक्ष्य में आज वनमण्डल धरमजयगढ़ में वर्ल्ड एलीफेन्ट डे-इंडिग द इल्लिगल वाईल्ड लाईफ ट्रेड की थीम पर आत्मानंद स्कूल के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि वनमण्डल में वन्य प्राणी हाथी की सुरक्षा हेतु संवेदना अभियान की शुरूआत की गई और हाथियों की सुरक्षा हेतु शपथ ली गई। स्वामी आत्मानंद स्कूल, धरमजयगढ़ के बच्चों को काष्ठागार डिपो धरमजयगढ़ में द एलीफेन्ट व्हिस्परर्स मूवी का स्क्रीनिंग किया गया और हाथी व्यवहार के बारे में बताया गया। विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के आयोजन जैसे चित्रकला, निबंध, क्विज कंपटीशन आदि का आयोजन किया गया और विश्व हाथी दिवस मनाया गया। इस मौके पर धरमजयगढ़ दौरे पर आए एपीसीसीए अरुण पांडे द्वारा हाथी मित्र दल और ट्रैकर से मुलाकात कर मानव हाथी द्वंद्व की जानकारी ली और अपने अनुभव साझा किए। हाथी मित्र दल को टॉर्च, छाता, फर्स्ट एंड किट सामग्री का वितरण भी किया गया। संवेदना अभियान के अंतर्गत स्थानीय ग्रामीणों को वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा के बारे में अवगत कराना है। अवैध तरीके से जंगल में शिकार के उद्देश्य से बिछाए जाने वाले जीआई तार से होने वाले वन्यप्राणियों के नुकसान, स्थानीय ग्रामीणों की जन हानि और पशुधन के नुकसान के संबंध में अवगत कराना है। संवेदना अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत वन अपराध, सजा के प्रावधानों आदि से अवगत कराना है और अपराध घटित होने से पूर्व ग्रामीणों को इसकी गंभीरता के बारे में अवगत कराना है। वन्यप्राणियों की सुरक्षा एक नैतिक और साझा जिम्मेदारी है। संवेदना अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग, बिजली विभाग और राजस्व विभाग आदि से पत्राचार कर आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान करने एवं अवैध विद्युत कनेक्शन से होने वाली घटनाओं की रोकथाम करना है।

मानवराहतकेन्द्र सहअन्नागार
(PEOPLE RESCUE CAMP CUM GRANARY)
विश्व हाथी दिवस

## एक नजर

### पीपीईएस सॉफ्टवेयर में एंट्री की हार्ड कॉपी प्रमाण-पत्र जमा नहीं करने पर जिला अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की तैयारी जिला निर्वाचन कार्यालय में तेजी से शुरू कर दी है। किंतु अभी तक कुछ विभागों द्वारा अभी तक मतदान कार्मिक प्रवेश प्रणाली पीपीएसई में अधिकारियों कर्मचारियों की एंट्री की हार्ड कॉपी एवं प्रमाण-पत्र जिला निर्वाचन शाखा में उपलब्ध नहीं कराने के कारण और बार-बार निर्देश के बावजूद जमा नहीं करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा ने जिला स्तरीय अधिकारियों जिला शिक्षा अधिकारी,जिला विपणन अधिकारी,जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, जिला पंजीयक,सहायक संचालक मत्स्य,सहायक संचालक उधानिकी उप संचालक पशु चिकित्सा,उप संचालक समाज कल्याण, कार्यपालन अभियंता पीएमजेएसवाय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण,कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहित जिले की सभी नगर पालिका अधिकारी,मुख्य कार्यपालन अधिकारी बेरला छोड़कर, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय सभी, कारण बताओं पत्र जारी किया है। पत्र में संबंधित जानकारी तत्काल वांछित जानकारी उपलब्ध कराते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थिया ने थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा उपस्थित आकर आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि नाबालिग पीड़िता को आरोपी नरेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा माह जनवरी एवं फरवरी 2023 में शादी करूंगा कहकर जबरदस्ती पीड़िता के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाने एवं पीड़िता गर्भवती हो जाने कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 376, 376;2,ड, भादवि एवं 4,6 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के द्वारा थाना नवागढ़ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं थाना स्टाफ को आरोपी के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना नवागढ़ पुलिस टीम द्वारा आरोपी नरेन्द्र विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। प्रकरण में थाना नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत रहने वाला आरोपी नरेन्द्र विश्वकर्मा पिता स्व. जनक विश्वकर्मा उम्र 22 साल को 11 अगस्त 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ़ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, महिला प्रधान आरक्षक पूनम ठाकुर, आरक्षक अमित यादव, राहुल दुबे, संतोष साहू एवं अन्य स्टाफ का सराहनी भुमिका रही है।

### 15 अगस्त को बेमेतरा महिला सेल प्रभारी उप. निरीक्षक नीता राजपूत पुलिस महानिदेशक पुरस्कार से होंगे सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति, महिलाओं अवयस्क बालक-बालिकाओं तथा समाज के कमजोर वर्गो पर होने वाले अत्याचार, उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने तथा त्वरित वैधानिक कार्यवाही करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय 05 पुरस्कारों एवं 01 पुलिस महानिदेशक पुरस्कार प्रदान किया जाना है। जिसमें बेमेतरा जिले के महिला सेल प्रभारी उप. निरीक्षक नीता राजपूत को 15 अगस्त 2023 को रायपुर पुलिस परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री छग शासन के द्वारा पुलिस महानिदेशक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाना है।

## घटना के बाद से फरार छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

* गिरफ्तारी के भय से स्थान बदल-बदल कर छुप रहा था आरोपी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थीया पीड़िता ने थाना साजा में रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी टाकेश्वर उर्फ ताकेश यादव द्वारा पीड़िता को गोड जाति का होना जानते हुये उसके घर बुरी नियत से दिवाल फांदकर घुसकर प्रार्थिया पीड़िता के हाथ बाह को पकड़कर उसके साथ अश्लील हरकत करते हुये शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने परए पीडिता के द्वारा चिल्लाने पर उसके पिता आये तो उसके साथ अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देने प्रार्थीया कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 294,506,354,452 भादवि व 3;(1)ब (1) एससी/एसटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन पर अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के द्वारा थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव एवं थाना स्टाफ को आरोपी का पतासाजी कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना आरोपी पतासाजी के दौरान फरार आरोपी का उसके मिलने के संभावित स्थानों में पतासाजी किया जा रहा था जो 11 अगस्त 2023 को थाना साजा क्षेत्रांतर्गत रहने वाला आरोपी टाकेश्वर उर्फ ताकेश यादव पिता गौतम यादव उम्र 26 साल को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायलय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता-लखेश केंवट

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

जिले के थाना कसडोल की कमान सम्हालने पर आज राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समाचार प्रसारण केन्द्र के संवाददाताओं ने निरीक्षक लखेश केंवट को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। बताते चलें कि निरीक्षक लखेश केंवट जाज्वल्य नगरी जांजगीर के सिटी कोतवाली की दो बार कमान सम्हाल चुके हैं। पुलिस महानिदेशक के अनुसार वहां से इनकी पहली पदस्थापना बलौदाबाजार भाटापारा जिले के थाना गिधपुरी में की गई थी। वहीं जिले में दूसरी पदस्थापना के रूप में इन्हें कसडोल थाना सम्हालने का अवसर दिया गया है। जिले के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने हाल ही में कानून व्यवस्था में कसावट लाने के लिये कर्मचारियों का तबादला किया है। इसी कड़ी में एक ओर जहां निरीक्षक लखेश केंवट को थाना गिधपुरी से थाना कसडोल का प्रभार सौंपा गया है। वहीं दूसरी ओर निरीक्षक कैलाश चंद्र दास को थाना कसडोल से थाना गिधौरी, निरीक्षक केशर पराग बंजारा को थाना गिधौरी से थाना लवन, निरीक्षक नरेश चन्द्र दीवान को रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार से थाना गिधपुरी, निरीक्षक रितेश मिश्रा को रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार से थाना हथबंद और निरीक्षक क्रिसेन्सिया तिर्की को रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार से प्रभारी थाना अजाक एवं महिला परामर्श केन्द्र बलौदाबाजार स्थानांतरण किया गया है। संक्षिप्त मुलाकात के दौरान नवनियुक्त कसडोल थाना प्रभारी लखेश केंवट ने विशेष चर्चा में अरविन्द तिवारी से कहा कि क्षेत्र में जुआ और सट्टा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पीड़ितों को न्याय दिलाने उनकी पहली प्राथमिकता होगी। निरीक्षक लखेश ने कहा कि थाना परिसर में वे गरीब एवं पीड़ितों की समस्या सुनने के लिये हमेशा उपस्थित रहते हैं और गरीबों को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा उनका प्रयास रहता है कि गरीब और पीड़ित व्यक्ति को थाना स्तर से ही न्याय मिल जाये क्योंकि थाना में आने वाले हर पीड़ित व्यक्ति को यही लगता है कि थाने से हमें न्याय मिल जाये। जनता थाना को ही न्याय का प्राथमिक मंदिर मानती है। उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों के पास जाना ना पड़े। क्योंकि थाना नजदीक है जहां आने पर न्याय मिल जाये तो गरीब व्यक्ति के लिये इससे ज्यादा और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उनका बेहतर पुलिसिंग करने का प्रयास रहेगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर व देहात क्षेत्र के अपराधी व अपराध का कार्य करने वाले या जुआ, सट्टा जैसे जितने भी समाज विरोधी कार्य हैं उनको करने वाले या तो उन कार्यों को छोड़ दें अन्यथा पुलिस अब अपने स्तर से इन सभी अवैध कार्यों को बंद करायेगी अंत में नवपदस्थ थाना प्रभारी निरीक्षक लखेश केंवट ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते अपराधो में अंकुश लगाना, अवैध शराब-जुआ,सट्टे पर कार्रवाई करना, थाना आने वाले पीड़ितों का समस्या सुनते हुये रिपोर्ट दर्ज कर न्याय दिलाना, आगामी चुनावों का शांतिपूर्वक ढंग से निष्पादन करवाना, न्यायालय से जारी स्थाई वारंटियों की धरपकड़ कर न्यायालय में पेश करना, क्षेत्र में पुलिस के प्रति अच्छा माहौल बनाना, शहर में यातायात व्यवस्था को अच्छे तरीके से सुचारू करना, एक्सीडेंट स्पॉट को चिन्हांकित कर हल निकालना ये सभी मेरी जिम्मेदारी रहेगी।

## सरसींवा से भटगांव 15 किलोमीटर तक मानव श्रृंखला बनाकर दिया गया मतदान का संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में जिले में मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज के निर्देशन में सरसींवा से भटगांव तक 15 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला का निर्माण एवं संकल्प पत्र का वाचन कर नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस मानव श्रृंखला में स्कूली बच्चें एवं आम नागरिक लगभग पंद्रह हजार से अधिक की संख्या में सम्मिलित हुए।

# कवर्धा जिले में छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए पदयात्रा सम्पन

जिले के पंडरिया से पांडातराई तक पदयात्रा करके हजारों लोगों के बीच चलाया गया जन जागरूकता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-कवर्धा।

पदयात्रा में शामिल युवा ठा. शैलु छत्तीसगढ़िया ने बताया कि भाषा के लिए आज पसीना देने की जरूरत है अगर यह भी नहीं देंगे तो कल हमारे आने वाली पीढ़ी को खून देना ही होगा। उन्होंने आगे बताया की छत्तीसगढ़ राज्य को बने 23 वर्ष हो चुके हैं और यहां की सबसे बड़ी एवं प्रमुख भाषा छत्तीसगढ़ी है जिसको यहां की लगभग 80 प्रतिशत जनता बोलते हैं इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा ही अभी तक स्थापित नहीं हो पाया है और उससे भी बड़ा दुर्भाग्य की छत्तीसगढ़ियों को छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए ही पदयात्रा करनी पड़ रही है। धातव्य है कि छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा को स्थापित करने के लिए छत्तीसगढ़िया समाज द्वारा अनेक वर्षों से संघर्ष किया जा रहा है और इसी कड़ी में मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच के द्वारा भी अपने सातवें चरण के तहत पदयात्रा कवर्धा जिले के पंडरिया से पांडातराई तक किया गया। एक और पदयात्री मातृभाषा विशेषज्ञ नंद किशोर शुक्ला ने बताया कि हमारे राज्य में यहां की मातृभाषाओं को लेकर के जबरदस्त उदासीनता है अत: जनता को जगाने एवं सरकार से मांग करने के लिए हमें पद यात्रा करना पड़ रहा है, हमारी मांग है कि प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ी भाषा को पढ़ाई लिखाई की भाषा बनाने, जनगणना एवं मातृभाषा के कालम में लिखवाने, साथ ही राजकाज-कामकाज, आठवीं अनुसूची, रोजगार की भाषा बनाने के लिए अभी तक 6 चरण का पद यात्रा संपन्न किया जा चुका है फिर भी सरकार उदासीन है इसलिए मजबूर होकर हमें क्रमबद्ध पदयात्रा करना पड़ रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़िया समाज को भी आह्वान किया की छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए आगे आए। कार्यक्रम के दौरान पांडातराई महाविद्यालय में एक बड़ा आयोजन भी हुआ, जिसमें करीब 400 बच्चों को मातृभाषा के प्रति जागरूक किया गया। पदयात्रा में प्रियेश शुक्ला, तुषार चंद्रवंसी, अजय साहू, तुलसी यादव, ओम चंद्रवंशी, नवल किशोर पांडे, दीवान कुमारी अरुणा ठाकुर, रत्ना चंद्रवंशी, हर्षिता केशरवानी, मनीषा साहू, नेहा चंद्रवंशी, मधु चंद्रवंशी, संगीत निर्मलकर समेत करीब 50 लोग शामिल हुए।

# गुरु मिनी माता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया-योगेश तिवारी

किसान नेता योगेश तिवारी ने गुरु मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अकोली में गुरु मिनी माता की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि किसान नेता योगेश तिवारी ने मिनीमाता को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर किसान नेता ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु मिनीमाता छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद है। सरल और सहज व्यक्तित्व की धनी मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने दलितों के अधिकारों की रक्षा के लिए अस्पृश्यता निवारण अधिनियम को संसद में पारित कराने में महती भूमिका निभाई। बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरोध में उन्होंने समाज से लेकर संसद तक अपनी आवाज उठाई मिनीमाता मजदूर हितों और नारी शिक्षा के प्रति भी जागरुक और सहयोगी रहीं । भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थानीय निवासियों को रोजगार और औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया। असम में जन्मी मिनीमाता विवाह के बाद छत्तीसगढ़ के जन-जीवन में रच बस गई। उन्होंने महिला अस्मिता को एक नई ऊंचाई दी है। मिनीमाता का सेवाभावी और प्रेरणादायी व्यक्तित्व सदा याद किया जाएगा।

आज के कार्यक्रम में प्रमुख लोगों में महेश देशलहरे

कुलेश्वर कुर्रे गुलाब देशलहरे,लवदास कुर्रे बसंत सत्यनारायण बारले शिव सारंग नेनदास नंदलाल सारंग राजेंद लालदास भारती पंकज सारंग मयंक बारले अनिल बारले श्यामजी देशलहरे समीर देशलहरे रवि देशलहरे करन बलराम अजय देशलहरे परकाश सुंदर देशलहरे राकेश देशलहरे बारले मनोज सिन्हा बलराम राय नरेश राय यशवंत टंडन तरुण बारले अध्यक्ष। रूपा बारले सचिव सरोज बारलेसंजू देश लहर आशा दिवाकर बेदी कुर्रे निर्मला कुर्रे झूलन देशलहरे जाम बाईसुखवंती बाई सोना देशलहरे,अध्यक्ष। बिमला देशलहरे साधना कुर्रे सुमन कोशले जीवन बाई रेणु कुर्रे यसोदा सारंग बिंदा देशलहरे सुकरिया गायकवाड़ पराग बाई।

# एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के द्वारा एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया गया है। बीते दिनों राज्य के अलग अलग क्षेत्रों में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस कड़ी में शुक्रवार को तहसील अधिवक्ता संघ धरमजयगढ़ के द्वारा प्रोटेक्शन एक्ट सहित मृत्यु दावा राशि 10 लाख रुपए तक बढ़ाने व अधिवक्ताओं का सामुहिक बीमा करने की मांग को लेकर रैली निकाली और उसके बाद धरमजयगढ़ एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सीएम के नाम सौंपे गए इस ज्ञापन में संघ की ओर से कहा गया है कि उक्त मांगो को लेकर पूर्व में सरकार के आश्वासन के बाद अधिवक्ता संघ ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था लेकिन सरकार की ओर से इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई।

जिसके कारण एक बार फिर सभी अधिवक्ता आंदोलन कर सरकार का ध्यानाकर्षण कर रहे हैं। अधिवक्ता संघ ने कहा है कि सरकार के उदासीन रवैये से अधिवक्ताओं में निराशा व असंतोष व्याप्त है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में न्याय के रक्षक व न्यायालय के अधिकारी के रुप में कार्यरत अधिवक्ताओं के खिलाफ बढ़ते आपराधिक प्रवृतियों व प्रतिशोधात्मक कार्रवाई पर अंकुश लगाने के लिए प्रोटेक्शन एक्ट आवश्यक है। संघ ने बताया कि इसके पहले दिल्ली के जंतर मंतर पर व प्रदेश के उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के द्वारा इन मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया है। शुक्रवार को धरमजयगढ़ में हुए इस प्रदर्शन के दौरान तहसील अधिवक्ता संघ के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवा मोर्चा ने किया चक्का जाम-लोकेश साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष लोकेश साहू के नेतृत्व में 12 अगस्त को जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घोघरी में चंद्रपुर से शिवरीनारायण मुख्य मार्ग में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सक्ती के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ मिलकर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया है। जिसमें शासन प्रशासन द्वारा हमारी मांगों को 15 दिनों के अंदर में पुरा करने का लिखित रूप में आवेदन दिया। यदि हमारी मांगों को 15 दिनों के अंदर नही किया गया तो भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सक्ती उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन की होगी।

1. घोघरी-देवगांव-बसंतपुर सड़क का निर्माण।
2. घोघरी में हायर सेकेण्डरी स्कूल तक शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो।
3. तेंदूमुड़ी-बरभाठा पुल का निर्माण। उपयुक्त सभी समस्याओं को लेकर चक्का जाम किया।

### मतदाता जागरूकता के लिए सीपीएम कॉलेज सारंगढ़ में छात्राओं ने बनाई रंगोली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

CPM COLLEGE SARANGARH

जिला प्रशासन के निर्देश पर मतदाता जागरूकता स्वीप अभियान अंतर्गत सीपीएम कॉलेज सारंगढ़ में स्वीप रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कई छात्राओं ने सामूहिक रूप से कॉलेज परिसर में चुनई चिरई, मतदान चिन्ह, नारा, सारंगढ़ बिलाईगढ़ सब्बो जाबो वोट देहे बर, छोड़कर सारे काम पहले करे मतदान, आओ मतदान करें, मेरा मतदान मेरा अधिकार, छत्तीसगढ़ के नक्शे के साथ मतदान का अधिकार का प्रतीक स्याही से रंगे हुए अंगूठे की रंगोली बनाई गई।

### स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को

* प्रातः 7.30 बजे कलेक्टोरेट परिसर से निकलेगी स्वतंत्रता दौड़

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

14 अगस्त को प्रात: 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर से निकलेगी, जो डिग्री कालेज, जिला पंचायत रोड से होकर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम (मिनी स्टेडियम)में समाप्त होगी। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने स्वतंत्रता दौड़ में शहर के समस्त नागरिकगणों, छात्र-छात्राओं, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारियों को शामिल होने हेतु कहा है।

### 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन शुष्क दिवस घोषित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने उक्त तिथि को जिले में स्थित समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, एफ.एल.-3, एफ.एल.-3 कद्ध, मद्य भाण्डागार एवं भांग घोटा की फुटकर दुकानों को पूर्णत: बंद रखने हेतु निर्देशित किया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णत: प्रतिबंधित रखते हुए उक्त आदेश कड़ाई से पालन कराने साथ ही अवैध शराब परिवहन, विक्रय एवं संग्रहण के विरूद्ध कड़ाई से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# सारबिला कोचिंग अकादमी सारंगढ़ के छात्राओं ने ली मतदाता जागरूकता हेतु शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में मतदाता जागरुकता हेतु सारंगढ़ तहसीलदार आयुष तिवारी द्वारा सारबिला अकादमी सारंगढ़ में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्राओं को मतदाता जागरूकता हेतु शपथ और सभी नागरिकों को जागरूक कराने हेतु संकल्प कराया गया। इसके साथ ही तिवारी द्वारा सारबिला एकेडमी के छात्राओं को भारतीय संविधान में निर्वाचन के संबंध में उल्लेखित जानकारी से जुड़े अनुच्छेदों के बारे में एक शिक्षक की तरह पढ़ाकर जानकारी प्रदान की गई।

# विधायक चक्रधर सिंह सिदार के प्रयास से पतरापाली के 300 परिवारों को मिलेगा आवासीय पट्टा

जोहार छत्तीसगढ़ - लैलूंगा।

शहर से लगे पतरापाली के निवासी जो पिछले कई वर्षो से वहाँ पर निवास कर रहे हैं, जिन्हे आवासीय पट्टा प्राप्त नहीं होने के कारण आवास योजना जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है । बता दें कि कई वर्षों से पतरापाली ग्राम के निवासी आवासीय पट्टे की माँग कर रहे हैं । लेकिन उन्हें पट्टा प्राप्त नहीं हो पा रहा है जिसकी जानकारी क्षेत्र के विधायक को दी गई । इसकी जानकारी क्षेत्र के विधायक चक्रधर सिंह सिदार को प्राप्त हुई उक्त मामले को हाथों हाथ लेते हुए विधायक चक्रधर सिंह ने रायगढ़ कलेक्टर से जाकर मुलाकात किये हैं । यह भी बता दें कि पतरापाली के निवासी जो की कई वर्ष पहले एक नंबर गेट के पास निवास कर रहे थे । जिन्हे बाद में पतरापाली में स्थान देकर बस्ती बसाई गई थी । जहाँ वर्तमान में 300 से अधिक परिवार निवास कर जीवन यापन कर रहे हैं । जहाँ कई वर्षों तक निवास करने के बाद भी उनको आवासीय पट्टा प्राप्त नहीं हो पाया है। इस मुद्दे को लेकर मोहल्ले वासियों ने कई बार मिलकर आवाज भी उठाई थी । क्षेत्र के विधायक चक्रधर सिंह को इसकी जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने उक्त मामले को लेकर पतरापाली वासियों के साथ जाकर कलेक्टर से मुलाकात कर पतरापाली में निवास कर रहे लोगों को आवासीय पट्टा दिलवाने के विषय में चर्चा किया गया । जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है । लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने अपने विधान सभा क्षेत्र के लिए बेहद समर्पित विधायक हैं, जन-जन की बातों को गंभीरता से लेते हुए लगातार क्षेत्र में सरकार की जन हितैषी योजनाओं से लोगों को जोड़ते हुए काम कर रहे हैं । कलेकटर से मुलाकात के दौरान विधायक चक्रधर सिंह के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश शर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल पटेल, कुबेर डनसेना, लाला ठाकुर, रवि यादव, उपस्थित रहे हैं ।

# जांच के बाद दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई-डिगेश पटेल

## मुआवजा वितरण के महीनों बाद लगा कमीशन का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

सोशल मीडिया में भारतमाला परियोजना में प्रभावित किसानों द्वारा मुआवजा राशि वितरण में धरमजयगढ़ में पदस्थ बाबू पर कमीशनखोरी का आरोप लगाया है। इस मामले में जब अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ डिगेश पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र से गुजर रही भारतमाला परियोजना में प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि का वितरण किया जा रहा है। जिसमें किसी किसानों से कोई राशि नहीं ली जा रही है। यदि किसी के द्वारा कमीशन लेने का आरोप लगाया गया है तो उसकी जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वाले पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि सोशल मीडिया में जिनके द्वारा कमीशन का आरोप लगाया जा रहा है उन्हें चेक के माध्यम से छः महीने पहले ही भुगतान किया जा चुका है। जिसमें मोहितराम पिता जगसाय को 1 फरवरी 2023 चेक क्रमांक 046632 राशि 750454 रूपये, तेलसिंह पिता दयाराम वगैरह को 20 दिसंबर 2022 चेक क्रमांक 046622 राशि 1917940 रूपये, दिलीप, शकुंतला वगैरह 3 नवंबर 2022 चेक क्रमांक 046606 राशि 4527818 रूपये सभी निवासी बाकारुमा को भुगतान किया जा चुका है। बता दें कि सोशल मीडिया में बीते दिनों खबर चल रही थी जिसमें कुछ ग्रामीणों ने भारतमाला परियोजना में प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि भुगतान में एसडीएम कार्यालय धरमजयगढ़ में पदस्थ बाबू द्वारा 5 प्रतिशत कमीशन लेने की बात कही जा रही है।

# नगरपालिका सारंगढ़ द्वारा मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत किया गया पौधारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

सारंगढ़ में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश, देश की मिट्टी और वीर जवानों के सम्मान के लिए माटी को नमन, वीरो का वंदन पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगरपालिका परिषद सारंगढ़ अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, उपाध्यक्ष, सीएमओ राजेश पांडेय सहित नगरपालिका के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा कार्यालय परिसर और खाड़ाबंद तालाब के पास सामूहिक पौधारोपण किया गया।

# विश्व हाथी दिवस पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता एवं निकाली रैली

वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)
संवेदना अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

वन विभाग धरमजयगढ़ द्वारा विश्व हाथी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता एवं रैली निकाली गई। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल धरमजयगढ़ में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध का विषय हाथी एक सामाजिक प्राणी एवं हाथी मानव सह अस्तित्व पर 5 सौ शब्दों में निबंध लिखना था। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता का विषय हाथी मानव सुरक्षित सह अस्तित्व पर चित्र बनाना था। प्रतियोगिता के बाद स्कूली बच्चों एवं वन विभाग द्वारा रैली निकाली गई। जिसका नगर भ्रमण करते हुए काष्ठागार में समापन हुआ। जहां बच्चों को हाथी से संबंधित एक लघु फिल्म दिखाई गई। बता दें कि निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

# जांच में धान बीज की गुणवत्ता फेल, विक्रेता पर सख्त कार्रवाई

## नेगी कृषि केंद्र फरसवानी डभरा का बीज लायसेंस निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

छत्तीसगढ़ शासन
कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग
कार्यालय
उप संचालक कृषि
जिला- सक्ती (छ.ग.)

जिले में गुणवत्ताहीन बीज बेचने वाले विक्रेता पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। विक्रेता का बीज लायसेंस निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर सक्ती नूपुर राशि पन्ना के द्वारा पूर्व में निर्देश दिए गए है की किसी भी विक्रेता द्वारा अमानक स्तर का खाद, बीज, दवा विक्रय किया जाता है तो उस पर सख्त कार्रवाई किए जाए।

जिसके तहत कृषि विभाग के निरीक्षकों द्वारा दुकानों से धान दलहन तिलहन के बीज का सैम्पल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था। जांच में निजी विक्रेता नेगी कृषि केंद्र फरसवानी डभरा का धान बीज स्वर्णा अमानक स्तर का पाया गया। निरीक्षण डभरा के द्वारा अमानक बीज को बिक्री के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। इस संबंध में विक्रेता को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। विक्रेता द्वारा दिया गया जवाब असंतोष जनक पाया गया। साथ ही विक्रेता बीज प्राप्ति का स्त्रोत बताने में असफल रहा। उप संचालक कृषि सक्ती के द्वारा नेगी कृषि केंद्र फरसवानी संचालक द्रौपदी चन्द्रा का बीज लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि खाद बीज दवा के सैम्पल लेकर जांच करायें जा रहें हैं। किसी भी विक्रेता का सामग्री अमानक स्तर का पाये जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in